जबलपुर
शनिवार, 2 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-9
वर्ष : 20, अंक : 94
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## जुलाई में जीएसटी कलेक्शन में इजाफा

### 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली।** सरकार ने जुलाई में हुए जीएसटी के आंकड़े जारी कर दिए हैं। 1 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी को दिखाता है। यह कलेक्शन लगातार सातवें महीने 1.8 लाख करोड़ रुपए से ऊपर रहा लेकिन यह वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में प्राप्त 2.1 लाख करोड़ रुपए के औसत से कम था।


अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी

# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को, नतीजा भी उसी दिन

### भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा। अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।



### नए उपराष्ट्रपति के पास पूरे पांच साल का कार्यकाल

धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।

### ऐसा है दोनों सदनों का गणित

आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### राजनीतिक दलों का गणित

*लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। इस प्रणाली में मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने अपनी प्राथमिकताएं अंकित करनी होती हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम आज वाराणसी को देंगे कई सौगात

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा पर रहेंगे। इस दौरान वह सेवापुरी के कालिका धाम में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरे पर पीएम मोदी काशी वासियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की सौगात भी देंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।



### आज होगा औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार 2 अगस्त को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपए का निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। वे 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा।



### मसूरी जाने के लिए अब कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने क्वीस ऑफ हील्स यानी मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग ने मसूरी में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ये नया नियम 30 जुलाई से लागू हो गया है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर जुर्माने वाली धमकी पर बोला विदेश मंत्रालय

# समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला पार्टनर है रूस, हमारे संबंध योग्यता पर



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूस के साथ व्यापार और तेल खरीद को लेकर टैरिफ का ऐलान किया था, इसके साथ ही उन्होंने एक जुर्माना भी लगाया है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अन्य देशों के साथ हमारे संबंध योग्यता पर आधारित है। उन्हें किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

जहां तक भारत-रूस संबंधों का सवाल है, हमारे बीच एक स्थिर और समय-परीक्षित साझेदारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और रूस एक स्थिर और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला साझेदार है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि कुछ भारतीय तेल कंपनियों ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया है। इस पर प्रवक्ता ने कहा कि आप हमारे ऊर्जा जरूरतों को लेकर समग्र दृष्टिकोण से अवगत हैं। हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखकर निर्णय लेते हैं। हमें इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है।

हाल के महीनों में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। भारत के आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 35-40% है, जो यूक्रेन युद्ध से पहले केवल 0.2% थी

- **भारत-रूस संबंधों पर चिढ़े ट्रंप को विदेश मंत्रालय की दो टूक**
- **इन संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए**



### यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत

**भारत और अमेरिका के रिश्ते**

भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित है। यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत बना रहा है। हम अपने साझा एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेगा।

### निमिषा प्रिया के केस पर कहा-सजा पर अमल फिलहाल टल गया

*यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। भारत सरकार इस मामले में हरसंभव सहायता दे रही है। हमारी लगातार कोशिशों के कारण सजा पर अमल फिलहाल टल गया है। हम इस पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और जरूरत के हिसाब से सभी मदद दे रहे हैं। हम कुछ मित्र देशों के संपर्क में भी हैं।*

*एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में अनुमान*

### ट्रंप के 'मिस कैलकुलेशन' की अमेरिका चुकाएगा कीमत

डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का नुकसान भारत से ज्यादा अमेरिका को होने वाला है। बेशक, भारत के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। लेकिन, इसके दूरगामी नतीजे अमेरिका के लिए भी भारी पड़ सकते हैं। अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप का यह मिस कैलकुलेशन अमेरिका की अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाएगा।



#### रक्षा संबंधों पर लगेगी गहरी चोट

रिपोर्टों के अनुसार भारत ने अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अमेरिका के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य और आर्थिक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के सामने भारत एकमात्र विकल्प है।

मालेगांव विस्फोट मामला

एटीएस का हिस्सा रहे अधिकारी ने कोर्ट में किया दावा

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत को भी फंसाने की थी 'साजिश'



- **महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट में कहा कि उन्हें ऐसे काम करने को कहा गया जिनका मालेगांव कांड से कोई संबंध नहीं था**

एजेंसी ⏭मुंबई

मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट को बताया है कि उन्हें उस टीम में रहते हुए कुछ ऐसे काम करने को कहा गया, जिनका मालेगांव कांड से कोई वास्ता ही नहीं था। ऐसे ही कामों में से एक था- तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नए-नए सरसंघचालक बने डॉ. मोहन भागवत को गिरफ्तार करना। गुरुवार को आए फैसले पर खुशी जताते हुए महबूब मुजावर बताते हैं कि इस मामले की पूरी जांच ही फर्जी थी। उनके अनुसार, सोलापुर में कुछ साहसिक अभियानों का नेतृत्व करने के कारण उन्हें कवरिंग पार्टी के रूप में एटीएस की उस 10 सदस्यीय टीम का हिस्सा बनाया गया था, जो मालेगांव विस्फोट कांड की जांच कर रही थी।

#### आरोपियों को पहले ही उतारा मौत के घाट

उन्होंने इस बात के तथ्य अदालत में पेश किए हैं कि जिन दो आरोपियों रामजी कालसंगरा एवं संदीप डांगे को एटीएस भगोड़ा बताकर ढूंढने का नाटक करती रही, उन्हें तो पुलिस पहले ही मार चुकी थी। इसके अलावा एक तीसरे व्यक्ति दिलीप पाटीदार को भी पुलिस खत्म कर चुकी है, जिसे कभी इस मामले में आरोपी बनाया ही नहीं गया।




### संबित पात्रा बोले- कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ा

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया है कि गांधी परिवार के कहने पर भगवा आतंकवाद की झूठी कहानी बनाने का काम किया गया। कांग्रेस शुरू से सेना, सनातन, संविधान और संघ को बदनाम करने की साजिश करती रही है।

फिर मेरिट लिस्ट बनाने के निर्देश

### हाई कोर्ट ने जीएमसी में अवैध भर्तियां 'रद्द' की

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में हुई नितिन अग्रवाल सहित अन्य की अवैध नियुक्तियों को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही पूर्व डीन सलिल भार्गव पर दो लाख का जुर्माना भी लगाया। मामला योग्य आवेदक को नौकरी से वंचित करने व फर्जी शपथ पत्र पेश करने से संबंधित है।कोर्ट ने भार्गव की सेवानिवृत्ति की आयु के मद्देनजर रियायत देते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करने के स्थान पर महज जुर्माना लगाने का निर्णय लिया।



- दो लाख का जुर्माना भी लगाया

नीमच में देहदान करने पर राजकीय सम्मान

### चंद्रशेखर नागदा को दिया गया 'गार्ड ऑफ ऑनर'

**नीमच।** हिंगोरिया गांव के 61 साल के चंद्रशेखर नागदा का निधन हो गया। उनके परिवार ने उनकी इच्छानुसार देहदान किया। चंद्रशेखर ने 10 साल पहले ही घोषणा कर दी थी कि उनके निधन के बाद उनका शरीर हेल्थ साइंस के काम आए। उनकी यह सोच परिवार के लिए प्रेरणा बनी। उनकी बेटी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने पिता की इस सोच को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अंतिम यात्रा हिंगोरिया से शुरू होकर नीमच के मेडिकल कॉलेज तक पहुंची।



- बेटी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा

### शाहरुख को 'जवान' व मैसी को '12वीं फेल' के लिए मिला अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। नेशनल अवॉर्ड्स की ज्यूरी ने सूचना और प्रसारण विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन को इससे जुड़ी रिपोर्ट सबमिट की थी। इसके बाद जूरी ने शाम 6 बजे मीडिया के लिए रखी प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजेताओं का ऐलान किया। नेशनल अवॉर्ड पाने वालों की लिस्ट में इस साल रानी मुखर्जी, शाहरुख खान और विक्रांत मैसी भी शामिल हैं।



- कटहल को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला

14 महीने बाद यह फैसला सुनाया गया

# जेडीएस के निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में दोषी करार, अदालत में फूट-फूट कर रोए

एजेंसी ⏭मैसूर

कर्नाटक के मैसूर स्थित केआर नगर की एक घरेलू सहायिका की ओर से दर्ज कराए गए दुष्कर्म के मामले में जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को दोषी ठहराया। मामला दर्ज होने के 14 महीने बाद ही यह फैसला सुनाया गया। उन्हें चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है। जब उन्हें दोषी ठहराया गया तब वे कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोए।

- रेवन्ना ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया



#### रेवन्ना जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते

रेवन्ना के खिलाफ चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उनके खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए।

सतना के युवक की आपत्तिजनक पोस्ट से गुस्सा

**लोग बोले संतों का अपमान स्वीकार्य नहीं**

# संत प्रेमानंद का गला काटने की धमकी, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭सतना

शहर के एक युवक ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद से ही क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। लोगों ने इस आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सतना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को सतना निवासी शत्रुघ्न सिंह नाम के व्यक्ति की फेसबुक आईडी से की गई पोस्ट में संत प्रेमानंद महाराज की हत्या की धमकी दी गई। दरअसल, संत प्रेमानंद महाराज का युवा पीढ़ी के आचरण पर दिए गए बयान पर युवक ने पोस्ट की थी। संत प्रेमानंद का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने युवाओं को मनमानी आचरण से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आजकल समाज में बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड, ब्रेकअप और पैचअप का चलन बढ़ गया है, जो युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है। उनके अनुसार एक से ब्रेकअप के बाद दूसरे से रिश्ता और फिर उससे भी ब्रेकअप का सिलसिला लड़के-लड़कियों दोनों में देखा जा रहा है। युवक ने संत ने इसी वीडियो को पोस्ट कर कमेंट किया था।

- युवाओं के आचरण पर दी थी समझाइश



विधानसभा में पहुंचे शाह को देखकर भड़क गया विपक्ष

**'विजय शाह इस्तीफा दो, विजय शाह को बर्खास्त करो' के नारे**

# मंत्री विजय शाह के 'इस्तीफे' की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चल सका सदन

## सत्तापक्ष ने भी दिया जवाब, कार्रवाई सोमवार तक स्थगित

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन मंत्री विजय शाह को लेकर सदन के अंदर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के गैस राहत विभाग संबंधी सवाल का जवाब देने के लिए विजय शाह पहली बार सदन में आए थे। आरिफ मसूद सवाल पूछने जैसे ही खड़े हुए, कांग्रेस के फूलसिंह बरैया ने कहा कि सेना का अपमान करने वाले मंत्री सदन के अंदर कैसे बैठे हैं?

### सिंघार-विजयवर्गीय के बीच हुई तीखी बहस



हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच तीखी बहस हुई। सिंघार ने कहा कि मंत्री विजय शाह ने सेना की सोफिया कुरैशी का अपमान किया है। उनके खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा है। दोनों शीर्ष अदालतों ने मंत्री विजय शाह को फटकार लगाई है।

#### कार्यवाही शुरू होने के बाद फिर हुआ हंगामा

एक घंटे के लिए सदन के स्थगन के बाद एक बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई। स्पीकर तोमर ने हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा शुरू कराई। भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने पहले ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पढ़ा। पर कांग्रेस का हंगामा बंद नहीं हुआ। हालांकि, बाद में विजय शाह सदन के अंदर नहीं आए थे, फिर भी कांग्रेस की नारेबाजी जारी रही। स्पीकर तोमर कार्यवाही के लिए सदस्यों से बैठने का आग्रह करते रहे लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने दूसरे ध्यानाकर्षण के लिए कांग्रेस के भंवर सिंह शेखावत का नाम पुकारा। उन्होंने अपना ध्यानाकर्षण पढ़ा भी, लेकिन इस बीच सत्तापक्ष भी हंगामा करने लगा।

## पुणे में आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बवाल

# हिंसक झड़प के बाद आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के यवत गांव में एक युवक की कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। गांव में एक सप्ताह पहले ही एक घटना हो चुकी थी, इसलिए वहां पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। पुलिस ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस की टीम क्षेत्र में मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। पुणे एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि यहां यवत गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद युवक को थाना लाया गया। गांव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की।

### दौंड तालुका के यवत गांव में भारी पुलिस बल तैनात, युवक हिरासत में





**पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले दागे**

दो समूहों के बीच झड़प के बाद पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

**लोग सड़कों पर उतरे पुलिस ने संभाला मोर्चा**

एसपी ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत में तोड़फोड़ का प्रयास किया। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है और गांव में गश्त की जा रही है। स्थिति अभी शांतिपूर्ण है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी भी दी।

### समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से तनाव बढ़ा

यवत इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया। पोस्ट के खिलाफ आक्रोश में आकर लोगों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। 26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान दो पक्षों में टकराव हुआ और तनाव की स्थिति बन गई।

**दोनों गुटों की तरफ से पथराव**

भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने गुरुवार को एक जनसभा भी की और उस समय तक हालात नियंत्रण में रहे,लेकिन आज बवाल तब हुआ, जब विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने उस घटना का वॉट्सएप स्टेटस लगाया।

**प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक स्थल पर की तोड़फोड़**

एसपी ने कहा कि लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कुछ गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। एक सप्ताह पहले एक घटना घटी थी, इसलिए यहां स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढांचे में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया।

**सीएम बोले: दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने बहुत ही आपत्तिजनक स्टेटस लगाया था। हंगामे की वजह से पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है।

---

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने खारिज की कंगना रनौत की मांग



**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रनौत की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी।

### मैनपुरी में हादसा,परिवार के 5 लोग नहीं रहे



**मैनपुरी।** जिले के बेवर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर ग्राम नगला ताल के पास एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार 5लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। जीटी रोड हाईवे पर आवागमन करीब एक घंटे तक बंद रहा। छिबरामऊ जा रही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए कानपुर-आगरा लेन में पहुंच गई।

### मंत्री का विभाग बदलने से साख नहीं बचेगी



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने कहा कि किसी मंत्री का विभाग बदलने से महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार की छवि नहीं सुधरेगी और मंत्रिमंडल के सभी 'दागी' सदस्यों को जाना होगा। राउत की टिप्पणी मंत्री माणिकराव कोकाटे के कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में जाने के बाद आई है।

### अलीगढ़ में 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



**अलीगढ़।** अतरौली में नरौना गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों ने चूरन समझ कर गेहूं में डालने वाली दवा खा ली। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। रसोइया ने जब बदबू आयी तो उन्हें शक हुआ। कंपोजिट विद्यालय की प्राध्यापक को जानकारी दी। गांव में लोगों को बताकर एंबुलेंस से आठ बच्चों को अतरौली सीएचसी लेकर गए।

### वाराणसी-बरेली का पावर फेल, मार्ग बाधित रहा



**हरदोई।** वाराणसी बरेली वाराणसी एक्सप्रेस का पावर फेल हो जाने से लखनऊ मुरादाबाद रेल मार्ग करीब एक घंटे बाधित रहा। दूसरे इंजन को लगाकर ट्रेन को आगे हरदोई की और रवाना किया गया। इस दौरान पीछे से आ रही तीन ट्रेनें भी प्रभावित हो गईं।14235 अप एक्सप्रेस में सुबह 8:33 पर ईंधन में तकनीकी खराबी आ गई।

---

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# राहुल : मेरे पास एटम बम है, छोड़ूंगा नहीं
# आयोग : ये बे-सिर पैर की बातें, ध्यान न दें

**पारदर्शी-भरोसेमंद चुनाव के लिए उठाए जा रहे जरूरी कदम**

◆ **पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले बयान पर चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों पर ध्यान न दें और पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें। चुनाव आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोप आजकल रोजाना लगाए जाते हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं होता।

अधिकारियों को चाहिए कि वे इन बयानों से प्रभावित हुए बिना, ईमानदारी से चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दें। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए वह लगातार निगरानी कर रहा है और जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में वोट की चोरी हो रही है और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। इसी के जवाब में चुनाव आयोग ने यह बयान जारी किया है।

**चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया**

**ईसी ने सभी आरोपों को नकारा**

- आयोग ने 12 जून 2025 को राहुल को इस मामले पर मेल भेजा, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।
- इसी दिन आयोग ने उन्हें पत्र भी भेजा, जिसका कोई जवाब नहीं मिला।
- राहुल ने अब तक किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा।
- यह अजीब है कि वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और अब आयोग व उसके कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया है।
- आयोग ने ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करते हुए अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपील की है।

*आयोग का कहना है कि बिहार में 'सर' प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक प्रावधानों और पारदर्शी नियमों के तहत जारी है*

**राहुल ने यह कहा था**

### देश में चुनावों की चोरी हो रही, यह सच



राहुल गांधी ने 23 जुलाई को आरोप लगाया था कि देश में चुनावों की चोरी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट का गहराई से अध्ययन किया है और वोट चोरी की पूरी प्रक्रिया का पता लगा लिया है। कर्नाटक में हमने एक सीट को चुना और उसकी वोटर लिस्ट को डिजिटल फॉर्मेट में कन्वर्ट किया।राहुल का कहना है कि 'हमें इसका कागजी सबूत मिल गया है। हम इसे जनता और चुनाव आयोग के सामने रखेंगे। राहुल ने सर को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि वोट चोरी हो रहे हैं और यह ओपन एंड शट केस है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इस मामले में पुख्ता सबूत मौजूद हैं।

**बेंगलुरु में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस**

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि कांग्रेस नेता 5 अगस्त को बेंगलुरु में एक प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन का तरीका और स्थान अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा होगी। डी. के. शिवकुमार ने बताया कि प्रदर्शन रैली, मार्च या धरने के रूप में होगा।

**राहुल के बयान पर भड़के मंत्री रिजिजू**

### संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे, कांग्रेस की 'गंदी सोच' उजागर



राहुल के बयान को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बहुत बड़ी साजिश है। उनका यह रवैया और सोच बेहद खतरनाक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष एक सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण योजना के तहत संवैधानिक संस्थाओं की छवि को खराब करने में जुटा है। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है।

**झूठा आरोप लगा रहे, संसद नहीं चलने दे रहे**

रिजिजू ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि विपक्षी सांसद जैसे ही बहस शुरू होती है। वेल में आ जाते हैं और संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते।

**बार- बार देश विरोधी बयान दे रहे**

राहुल पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो कि बिल्कुल गलत है।

**राहुल कोई बच्चे नहीं, कुछ तो समझ होनी चाहिए**

ट्रंप के बयान को राहुल ने सही बताया था। रिजिजू ने कहा राहुल बच्चे नहीं हैं। उन्हें ये मालूम होना चाहिए कि इससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

**देश का सम्मान बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी**

रिजिजू ने कहा कि राहुल देश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। विपक्ष के कई सदस्यों ने भी कहा है कि यह सही नहीं है। सभी देश का सम्मान करें।

---

**हंगामे के बाद संसद की कार्यवाही स्थगित**




## कांग्रेस ने 'एसआईआर' की पारदर्शिता पर जताया संदेह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष का हंगामा सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद भी जारी रहा। सदन की कार्यवाही अब सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने सर पर कहा कि विपक्ष दोनों सदनों में इसकी चर्चा की मांग कर रहा है। हमें इसकी पारदर्शिता पर संदेह है। आप कह रहे हैं कि 65 लाख में से 36 लाख लोग लापता हैं। हम चाहते हैं कि अगर चुनाव आयोग पारदर्शिता बरत रहा है और सरकार को भरोसा है तो सदन में इस पर चर्चा करें, हमारे सवालों को स्पष्ट करें, हमें विश्वास में लें। अगर मतदाताओं के अधिकार छीने जाएंगे तो हम चुप कैसे बैठ सकते हैं?

**राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित**

राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। विपक्ष अपनी मांगों को लेकर अड़ा रहा जिसके चलते सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**राज्यसभा वेल में सीआईएसएफ का आना बेहद आपत्तिजनक: खरगे**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखा है। उन्होंने सदन के वेल में सीआईएसएफ जवानों के आने की घटना को 'बेहद आपत्तिजनक' बताया और कहा कि संसद में ऐसी घटना हैरान करने वाली है।

### राज्यसभा में भी नहीं होगी 'सर' पर चर्चा



बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन (सर) का मुद्दा छाया हुआ है। लोकसभा में इस पर चर्चा से इनकार करते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का मामला है।आरजेडी सांसद मनोज झा ने स्थगन प्रस्ताव दिया था। उपसभापति हरिवंश ने चर्चा से इनकार करते हुए कहा कि यह सदन के अधिकार क्षेत्र के दायरे में नहीं आता है। उपसभापति ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक ईकाई है और संसद में उसके कामकाज पर चर्चा नहीं हो सकती है।

---

## पीएम मोदी पर थरूर की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

**भाजपा नेता राजीव ने दायर किया था मानहानि केस**

# नेता और जज की होनी चाहिए मोटी चमड़ी लोगों को ज्यादा 'टची' नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी पर बयान देने को लेकर मानहानि मुकदमे का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट ने राहत के संकेत दिए। अदालत ने कहा कि नेताओं और जजों को मोटी चमड़ी का होना चाहिए। 2018 में थरूर ने कहा था कि एक आरएसएस नेता ने ही नरेंद्र मोदी की तुलना 'शिवलिंग पर बैठे बिच्छू' से की थी। इसी बयान को लेकर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने मानहानि का केस दायर किया था। इसकी कार्यवाही रोकने की मांग थरूर ने की थी, जिसे हाई कोर्ट में खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

**हाईकोर्ट ने असम्मान बताया था**

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि आखिर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को इतना टची नहीं होना चाहिए। ऐसे बयानों को दिल से नहीं लगाना चाहिए। थरूर ने बेंगलुरु लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए उपरोक्त बात कही थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि उनका बयान पीएम मोदी और आरएसएस की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।



**सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी**

### गंभीर गतिविधियां रोकें, वरना पूरा हिमाचल गायब हो जाएगा

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते जलवायु असंतुलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा अगर बेतरतीब विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रुकीं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। हिमाचल में बदलते पर्यावरण बदल रहा है।

**4 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करें :** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्तों में पर्यावरण और इकोलॉजी को सुधारने के कदमों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

---

**हाईकोर्ट का स्टालिन सरकार को निर्देश**

## जीवित नेताओं के नाम पर न चलाई जाएं सरकारी योजनाएं, फोटो व बैनर भी न हों

### याची ने की थी अदालत से कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह किसी भी जीवित व्यक्ति के नाम, किसी पूर्व मुख्यमंत्री या वैचारिक नेता की तस्वीर, राजनीतिक दल के प्रतीक, झंडे अथवा चिह्न का उपयोग सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में न करे। कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश एआईएडीएमके सांसद सी.वे. शन्मुगम और वकील इनियन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है।

**निर्देशों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए**

कोर्ट ने कहा कि सरकारी विज्ञापनों के कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट दिशा निर्देश जारी कर चुका है। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सरकारी विज्ञापनों में केवल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की तस्वीर की अनुमति हो सकती है, वह भी सीमित उद्देश्य के लिए।

**मां-बेटे के विवाद में भड़का कोर्ट**

### मुझे शर्म आ रही, ऐसे समाज में जी रहा हूं !

तिरुवनंतपुरम। केरल हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि अगर किसी मां के कई बच्चे हैं तो उनका कोई भी संतान इस बात को आधार बनाकर भरण-पोषण राशि देने से इनकार नहीं कर सकता कि उनके और भी बच्चे हैं। हाई कोर्ट ने अपीलकर्ता बेटे की याचिका खारिज करते हुए कहा कि भरण-पोषण की मांग करने की याचिका के खिलाफ कोई वाजिव और वैध बचाव नहीं है। कोर्ट ने सामाजिक दुर्दशा पर भी टिप्पणी की। इस पर शर्म जताया।

---

**क्लर्क रहा व्यक्ति निकला धनकुबेर**

## 24 घर और 30 करोड़ की संपत्ति, 15 हजार थी सैलरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोप्पल में कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड में क्लर्क रहे एक व्यक्ति ने करोड़ों की संपत्ति बना ली। शख्स का नाम कलकप्पा निदगुंडी है। इसकी महीने की सैलरी तो केवल 15 हजार थी। लेकिन वह अपने, अपनी पत्नी और भाई के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड करा चुका है। कर्नाटक लोकायुक्त अधिकारियों ने पद के दुरुपयोग और घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के



संदेह में छापेमारी की, जिसके बाद इसका खुलासा हुआ। निदगुंडी के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, जिसमें 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ जमीन शामिल हैं। लगभग 30 लाख रका 350 ग्राम सोना और 1.5 किलो से अधिक चांदी भी बरामद की गई। 2कारें और 2 दुपहिया वाहन भी मिले।

---

**आईआईटी आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा**

## तकनीकी ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें

एजेंसी ▶▶ धनबाद

आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45 वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देश के तकनीकी विकास में आईआईटी आईएसएम के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न संकायों के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और डिग्रियां प्रदान कीं। मंच पर जब राष्ट्रपति ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**1880 छात्रों को डिग्रियां दी, 94 को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज दिए**

**मंत्रोच्चार और राष्ट्रगान से की शुरुआत**





इस अवसर पर राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, आईआईटी आईएसएम के निदेशक, संकाय सदस्य, सांसद दुल्लू महतो धनबाद विधायक राज सिन्हा झरिया विधायक रागिनी सिंह बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता उद्योग जगत के विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मंत्र उच्चारण और राष्ट्रीय गान के साथ शुरू हुआ, जिससे पूरा माहौल उत्साह और गर्व से भर गया।

**स्वर्ण पदक राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक हो**

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि स्वर्ण पदक सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने छात्रों को नैतिकता, नवाचार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**तकनीकी दक्षता ही नहीं, व्यक्तित्व निर्माण भी करे तकनीकी शिक्षा**

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी आईएसएम धनबाद जैसे संस्थान न केवल तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, बल्कि देश को ऐसे युवा दे रहे हैं जो आने वाले समय में भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य संवेदनशील और नैतिक व्यक्तित्व का निर्माण भी होना चाहिए। 1880 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई, जबकि उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 94 विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया।

## हिमाचल की लाहौल घाटी में फटा बादल

# लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर से बहने लगा सैलाब, आवाजाही ठप, बीआरओ कैंप में घुसा मलबा

लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई। इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई।

एजेंसी ▶▶ लाहौल

हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में बादल फटने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। हालांकि, किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआओ) के कैंप में मलबा घुसा है और यहां पर मौजूद जवानों ने भागकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई।

इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा औऱ पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई। बादल फटने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल है।

**1** मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ में बड़े पत्थर बहे

**2** दहशत में लोग, जान-माल का नुकसान नहीं

### धुंधी के पास जमीन धंसी

लेह मनाली हाईवे अटल टनल से चार किमी पहले धुंधी के पास पुल से पहले बंद है। यहां पर जमीन धंस गई है। सुबह वन वे रास्ता खुला था, लेकिन फिर से लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। ऐसे में अब केलांग की तरफ जाने के लिए लोगों को रोहतांग पास होकर जाना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के चलते सड़क बंद हो गई है और टनल के नॉर्थ पोर्टल और सोलंग बैरियर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।



सड़क पर मलबा आने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया।

### सड़क बहाली काम में जुटा बीआरओ

घाटी में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, लेकिन सुबह जिस्पा क्षेत्र में अचानक तेज गर्जना के साथ भारी पानी आया, जिससे ग्रेफ कैंप के पास मलबा और पानी भर गया। बीआरओ की टीमें मौके पर पहुंचकर सड़क बहाली के कार्य में जुट गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि जिसपा, यांगला एवं तिन्दी मुख्य मार्ग में बादल फटने एवं बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिस्पा एवं तिन्दी में बीआरओ की ओर से सड़क बहाली का कार्य शुरू हो चुका है।

### अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक रोकी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारी बारिश के बाद तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम जारी होने के कारण यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रा स्थगित रही और तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई।

### भूस्खलन से 317 सड़कें बाधित

हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन से कई इलाकों में सड़कें, बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक 317 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त 360 बिजली ट्रांसफार्मर व 259 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा 174 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर व कांगड़ा में 134 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं।

### सारना गांव में मकान जमींदोज

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत बोडू सारना पंचायत के सारना गांव के निवासी ओम प्रकाश का आशियाना भारी बारिश के कारण गिरा गया। हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। मंडी में पंडोह बांध के पास भूस्खलन के बाद चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।



## खबर संक्षेप

### गूगल पर कोर्ट ने लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना!

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में एक पुलिस अफसर की निजता भंग करना गूगल के लिए महंगा साबित हुआ। कोर्ट ने गूगल को 12,500 डॉलर (लगभग 10.8 लाख रुपए) का मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, गूगल स्ट्रीट व्यू कार ने 2017 में उस अफसर की एक पूरी तरह नग्न तस्वीर उसके घर के पिछवाड़े से खींच ली थी। हैरानी की बात यह रही कि उस समय अफसर अपने निजी परिसर में मौजूद था, जिसकी चारों ओर 6 फीट 6 इंच ऊंची दीवार थी।



### लंदन में ब्रिटिश सिख शख्स की चाकू मारकर हत्या

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 30 वर्षीय ब्रिटिश सिख युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गुरमुख सिंह उर्फ गैरी के रूप में हुई है। यह घटना 23 जुलाई को पूर्वी लंदन के इलफोर्ड इलाके में हुई। लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में 27 वर्षीय अमरदीप सिंह को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह 5 जनवरी 2026 को कोर्ट की सुनवाई तक हिरासत में रहेगा।



## लॉस एंजिल्स में एक और काउंसलेट खुलेगा

### अमेरिका और भारत के बीच जारी तनाव के बीच यूएस में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा का ऐलान

# 8 नए कांसुलर सेंटर खुलेंगे, दोनों देशों के आपसी रिश्ते रहेंगे मजबूत

*अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के मध्य टैरिफ को लेकर बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अमेरिका से अपने रिश्तों को कायम रखा है। भारत ने अमेरिका में 8 नए कांसुलर एप्लिकेशन सेंटर, यानी वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र खोलने की घोषणा की है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर क्वात्रा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते के मूल में लोगों के बीच के आपसी संबंध हैं। हम जल्द ही लॉस एंजिल्स में एक और भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र भी खोलेंगे।

विनय क्वात्रा ने नए केंद्रों की शुरुआत होने की सूचना दूतावास के एक्स हैंडल से दी। बता दें, इन नए केंद्रों की शुरुआत का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और भारत टैरिफ के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टैरिफ नीतियों को लेकर चर्चा में हैं और उन्होंने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सख्ती दिखाने का ऐलान करने के बाद जब भारत ने अपने हितों से समझौता न करने का रुख साफ किया तो ट्रंप के सुर भी बदलते दिखे। अब उन्होंने एक हफ्ते का विस्तार और किया है।

### भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र शनिवार को भी खुले रहेंगे

**बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खुलेंगे**



### कांसुलर सेवाओं बेहतर और सुव्यवस्थित होंगी

विनय क्वात्रा ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से अमेरिका में हमारी कॉन्सुलर सेवाओं में बड़ा विस्तार होगा। इससे सेवाएं बेहतर होने के साथ-साथ कई सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। नए केंद्रों के खुलने से, व्यापक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान करने और संबंधित वितरण क्षमताएं न केवल बेहतर होंगी, बल्कि इनका विस्तार भी होगा। इन केंद्रों पर काम शुरू होने के बाद प्रवासी भारतीयों को मिलने वाली सेवाओं की डिलीवरी तेज और अधिक सुलभ बनेगी।

### लोगों के बीच भी आपसी संबंध मजबूत

भारतीय राजदूत ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं। बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से हम न केवल अपने दोनों देशों के बीच संबंधों को, बल्कि लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी, विशेष रूप से बोस्टन और लॉस एंजिल्स के क्षेत्रों में और मजबूत कर पाएंगे।

### 54 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मूल के लगभग 54 लाख लोग अमेरिका में रहते हैं। इनमें 20.7 लाख अनिवासी भारतीय (पर्सन्स ऑफ इंडियन ओरिजन) भी शामिल हैं। भारतीय मूल के लोग अमेरिका में तीसरा सबसे बड़ा एशियाई जातीय समूह हैं। ऐसे में वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े कामकाज के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्य दूतावास के इन नए आवेदन केंद्रों बड़ा लाभ मिलेगा।*

## एमडीएमके सांसद की अपील

# रूसी सेना में जबरन भर्ती किए गए छात्र को बचाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के एक मेडिकल छात्र को कथित रूप से जबरन रूसी सेना में भर्ती किए जाने के मामले में एमडीएमके सांसद दुरई वैको ने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने और छात्र की जान बचाने की अपील की है। दुरई वैको ने शुक्रवार को चेन्नई में प्रेस से बात करते हुए बताया कि कुड्डालोर जिले के श्रीमुष्णम के रहने वाला तीसरे वर्ष के मेडिकल छात्र किशोर सरवनन को रूसी पुलिस ने एक नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया। यह मामला उन लोगों से जुड़ा था जो किशोर के साथ रह रहे थे, लेकिन किशोर का इसमें कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था।

**नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया गया था**

### आज युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा

किशोर के माता-पिता सरवनन और भामा ने बताया कि अपने बेटे को रूस में पढ़ाई के लिए भेजने के लिए उन्होंने अपनी जमीन तक बेच दी थी। उन्होंन कहा कि अब हमारा बेटा जेल में है। हमें उसकी एक वॉइस मैसेज मिली है जिसमें कहा गया है कि उसे 2 अगस्त को युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा। हम दोनों सरकारों (भारत और रूस) से अपील करते हैं कि कृपया हमारे बेटे को बचाएं और उसे तमिलनाडु वापस लाएं।

### छात्र को प्रताड़ित किया जा रहा

सांसद वैको ने बताया कि 12 जुलाई को परिवार को किशोर का एक फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, मानसिक रूप से यातना दी जा रही है और जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं। किशोर को अब उसकी मर्जी के खिलाफ सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जल्द ही उसे यूक्रेन में युद्ध के मोर्चे पर भेजा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उसे युद्ध के लिए भेजा गया, तो वह शायद जीवित न लौटे।

## व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव लेविट बोलीं

# हर महीने एक युद्ध खत्म कराया ट्रंप को मिले नोबेल शांति अवार्ड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराया है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच का संघर्ष भी शामिल है। व्हाइट हाउस प्रेस ब्रीफिंग में गुरुवार को लेविट ने कहा कि ट्रंप ने थाईलैंड और कंबोडिया, इजरायल और ईरान, रवांडा और लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, भारत और पाकिस्तान, सर्बिया और कोसोवो और मिस्र और इथियोपिया के बीच संघर्षों को समाप्त कराया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने छह महीने के कार्यकाल के दौरान औसतन प्रति माह लगभग एक शांति समझौता या युद्धविराम की मध्यस्थता की है। यह समय है कि राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाए।

## आवास परियोजना घोटाला मामला

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम और 99 अन्य पर 6 मामलों में आरोप तय

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश की दो अलग-अलग अदालतों ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना और 99 अन्य के खिलाफ एक आवास परियोजना में जमीन आवंटन में अनियमितताओं के छह मामलों में आरोप तय किए। इन छह मामलों में से ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने तीन मामलों में आरोप तय किए। अदालत ने इन मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की और आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इसी तरह ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने भी तीन मामलों में आरोप तय किए। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के सरकारी वकील मीर अहमद अली सलाम के हवाले से बताया कि आयोग ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है और मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की है। पिछले सप्ताह दोनों अदालतों ने राजुक पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की थी।

### भारत पर 25% टैरिफ यूनुस सरकार का तंज

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश पर 20% टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और मुख्य वार्ताकार डॉ. खलिलुर रहमान ने इस उपलब्धि को अपनी रणनीति की जीत बताया। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापक समझौता करने में असफल रहा, जिसके कारण उसे 25% टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। यह बयान कूटनीतिक रूप से असंयमित माना जा रहा है।*

## मणिपुर में दिखा खसरा रोग का प्रकोप

# 11 प्रभावित, 18 अन्य लोगों के नमूनों के नतीजे आना बाकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय देशों में खसरे के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। अब खसरा (मीजल्स) रोग के मामले भारत में भी बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। मणिपुर के सेनापति जिले में खसरे का प्रकोप देखा जा रहा है, जहां कम से कम 11 लोगों को इसका शिकार पाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह के लक्षण दिखाने वाले 18 अन्य लोगों के सैंपल के नतीजे आने अभी बाकी हैं। मणिपुर के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सूचना दी है कि जिन 11 लोगों में खसरे का पता चला है उनमें से 10 मरीजों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। अधिकारियों ने लोगों से टीका लगवाने का आग्रह करते हुए कहा कि इन इलाकों में किए गए एक त्वरित सर्वेक्षण में टीकाकरण में भारी अंतर का पता चला है। जिला प्रशासन ने संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने और टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक बुलाई।



### संजय वात्स्यायन बने सह नौसेना अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के 47वें सह नौसेना अध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ) का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र सेवा में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गनरी और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ संजय वात्स्यायन ने तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में विभिन्न जिम्मेदारियां संभाली हैं।

## मनीला में भारतीय नौसेना का स्वागत



**मनीला।** दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय नौसेना की चल रही परिचालन तैनाती के एक भाग के रूप में, पूर्वी बेड़े के भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस दिल्ली, शक्ति और किल्टन, जिनकी कमान पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग (एफओसीईएफ) रियर एडमिरल सुशील मेनन के हाथों में है, मनीला, फिलीपींस पहुँचे। फिलीपीन नौसेना के कर्मियों ने इन जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री ने साइबर ठगी को लेकर किया बड़ा खुलासा

# 2024 में जनता की 22 हजार करोड़ से अधिक की गाढ़ी कमाई डूबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में पिछले 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया है पिछले पांच साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी की ओर से संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपए थी। ये साल 2023 में सिर्फ 7,465.18 करोड़ रुपए थी।



### 11 लाख से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की

*बैंकों और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से आई4सी द्वारा 10 सितंबर, 2024 को साइबर अपराधियों की पहचान के लिए संदिग्ध रजिस्ट्री शुरू की गई थी। अब तक बैंकों से हासिल 11 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं के डाटा और 24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भागीदार संस्थाओं के साथ साझा किया गया है और इससे 4631 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है।*

### 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड ब्लॉक

*साइबर अपराधियों के खिलाफ सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा देते हुए गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक केंद्र सरकार की ओर से 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमईआई ब्लॉक किए जा चुके हैं।*



**मुख्यमंत्री दिल्ली में हुई बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में हुए शामिल**

# मुख्यमंत्री ने इंडस्ट्री लीडर्स से कहा, देश ऐसे ही नहीं बदलता है, इसके लिए दृढ़ संकल्पों की जरूरत होती है

## सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को दिया मप्र आने का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समिट में इंडस्ट्री लीडर्स से कहा देश ऐसे ही नहीं बदलता है, इसके लिए दृढ़ संकल्पों की आवश्यकता होती है। इन संकल्पों में नवीनता होती है।

उन्होंने कहा कि सरकार टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मप्र देश का सर्वाधिक और गुणवत्तापूर्ण कपास उत्पादन करने वाला राज्य है। राज्य सरकार ने कपास से धागा, कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। न केवल देश बल्कि अन्य देशों की टेक्सटाइल इकाइयों से भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर बायर-सेलर के साथ चर्चा की।



### मप्र में निवेश आएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट में शामिल हुए। राज्य सरकार ने टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों के साथ निर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर वन-टू-वन मीटिंग भी की हैं। इन प्रयासों से मप्र में निवेश आएगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

### ईज ऑफ डूइंग के अंतर्गत 42 कानूनों को किया खत्म-

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने ईज ऑफ डूइंग के तहत 42 कानूनों को खत्म किया है, जो व्यापार में बाधा बनते थे। राज्य सरकार ने उद्योग शुरू करने के लिए जरूरी 29 अनुमतियों को भी कम करके 10 तक सीमित कर दिया है। प्रदेश में उद्योगपतियों को बिजली, पानी, जमीन सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रमिकों के वेतन के लिए भी सहायता प्रदान की जा रही है। मेक इन इंडिया से प्रेरणा लेकर मप्र आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें प्रतिकूलता से आगे बढ़कर अनुकूलता की ओर बढ़ने की जरूरत है।*

### मुख्यमंत्री ने बांटे पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने समिट के दौरान करीब दो दर्जन देशों में काम करने वाली कंपनी वॉलमार्ट सोर्सिंग के वाइस प्रेसिडेंट नितिन प्रसाद को बेस्ट ग्लोबल सोर्सिंग अवॉर्ड और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक समाधान प्रदाता ली एंड फंग ग्रुप की सीईओ श्रीमती दीपिका राणा को क्वीव ऑफ एक्सिलेंस द बीएसएल प्लेटिनम अवॉर्ड प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बीएसएल के दो वर्ष के उल्लेखनीय कार्यों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

### टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में टेक्सटाइल और गारमेंट्स सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं है। मप्र में हैंडीक्राफ्ट्स और हैंडलूम के आर्टिजंस और छोटे-छोटे उद्योग उपलब्ध है। राज्य की चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों ने देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बनाई है। आत्मनिर्भर मप्र के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेशकों को वित्तीय एवं गैर वित्तीय सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

### सीएम ने माना प्रधानमंत्री का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दी गई इस मंजूरी से मप्र को विशेष लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेश्वर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर योजनाओं के संबंध में चर्चा की







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित अन्य मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह से शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने मप्र में कानून व्यवस्था और दुग्ध-सहकारिता गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री खट्टर से भेंट कर प्रदेश में ऊर्जा, नगरीय विकास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट





कर नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन सहित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रभक्तों और महापुरुषों की जीवनियों के शामिल किए जाने संबंधी प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर 'एक पेड़ मां के नाम', 'एक बगिया मां के नाम के तहत संचालित गतिविधियों और जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणामों से भी अवगत करवाया।

---

## खबर संक्षेप

### आज पीएम किसानों के खाते में डालेंगे सम्मान निधि की 20वीं किस्त

**भोपाल।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों को दी जाने वाली किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। जिसके तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की जाएगी। कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया कि इस दिवस को पीएम किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्र, मंडी, एफपीओ, पीएसीएस पर पीएम किसान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा।



### रवि कुमार गुप्ता बने स्पेशल डीजी रेल

**भोपाल।** राज्य सरकार ने एडीजी रवि कुमार गुप्ता को स्पेशल डीजी के तौर पर पदोन्नत किया है। उनको एडीजी रेल से स्पेशल डीजी रेल बनाया गया है। दरअसल जेल डीजी जीपी सिंह के रिटायर होने के बाद स्पेशल डीजी का एक पद रिक्त हुआ है जिसमें गुप्ता को पदोन्नत किया गया ह।



### संगठन सृजन: दो दिनी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ करना, कार्यकर्ताओं को सशक्त करना और जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को और अधिक सक्रिय बनाना था। शिविर में प्रदेशभर से 100 चयनित प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिन्हें आगामी समय में जिलों और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

---

इंजेक्शन और एमडी ड्रग्स की पुड़िया लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेसी विधायक

# सरकार मछलियों को पकड़ रही, ड्रग्स के मास्टरमाइंड और बड़े मगरमच्छों को आखिर कब पकड़ेगी: सिंघार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मादक पदार्थों (एमडी ड्रग्स) की तस्करी के मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों ने ड्रग्स और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक प्रतीकात्मक एमडी ड्रग्स की पुड़िया और इंजेक्शन लेकर विधानसभा पहुंचे। ड्रग्स के कारोबार को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सरकार से सवाल किया कि युवाओं को बर्बाद करने वाले ड्रग माफियाओं पर सख्त कार्रवाई कब होगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्री और कार्यकर्ता प्रदेश में एमडी ड्रग्स के कारोबार को बढ़ावा दे रहे है। सिंघार ने कहा कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा हैं। भाजपा कार्यकर्ता पकड़े जा रहे, लेकिन मंत्री और बड़े नेताओं को संरक्षण मिल रहा है, सरकार सिर्फ छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है, पर खुलेआम घूम रहे ड्रग्स के मास्टरमाइंड बड़े मगरमच्छ आखिर कब पकड़ेगी। सत्ता की आड़ में छुपे ड्रग्स माफिया पर कार्रवाई होनी चाहिए।



### शिक्षण संस्थानों तक फैला ड्रग्स का जाल:राठौर

कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि 20 साल से प्रदेश भाजपा की सरकार है। प्रदेश की सड़कों से लेकर शिक्षण संस्थानों तक ड्रग्स का जाल फैल चुका है, लेकिन सरकार आंखें मूंदकर बैठी है, क्योंकि इस धंधे से जुड़े कई चेहरे सत्ता के करीब हैं। राठौर ने कहा कि युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की कीमत कौन चुकाएगा? भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद भी सरकार की चुप्पी क्यों?

### गो माताओं के उत्थान के लिए सरकार की क्या है योजना: डॉ. अभिलाष



मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगे। उन्होंने गो-माताओं के उत्थान, लीज होल्ड भूमि का फ्री होल्ड में परिवर्तन, तालाबों के जीर्णोद्धार, और चौराहों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण से संबंधित थे। गो-कल्याण व डेयरी विकास के संबंध में डॉ. पाण्डेय ने स्वावलंबी गो-शालाओं की नीति, चारा अनुदान, और डेयरी कैपिटल योजना की जानकारी मांगी। राज्य मंत्री पशुपालन लखन पटेल ने बताया कि चारा अनुदान 20 से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति पशु प्रतिदिन किया गया है। मुख्यमंत्री गोरक्षा संकल्प सम्मेलन में शुरू की गई 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों से अब तक 2.22 लाख गो-माताओं को लाभ मिला है।

### लीज होल्ड भूमि के 171 प्रकरण लंबित: विजयवर्गीय

*लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने के प्रश्न पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि अभी तक कोई भूमि फ्री होल्ड में परिवर्तित नहीं की गई है तथा 171 प्रकरण लंबित हैं। विभागीय प्रक्रिया जारी है। तालाबों के संरक्षण को लेकर माढ़ोताल तालाब के जीर्णोद्धार के विषय में बताया गया कि प्रस्ताव परीक्षणाधीन है और बजट उपलब्धता पर निर्णय होगा। डीपीआर की अनुमानित लागत आठ करोड़ है।*

### कानून व्यवस्था, लव जिहाद और ड्रग्स को लेकर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट

मध्यप्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों ने प्रदेश में बेहाल कानून व्यवस्था, लव जिहाद और ड्रग्स कारोबार को लेकर सदन से वॉकआउट किया। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर ध्यानाकर्षण पर चर्चा में सरकार के जवाब से असहमत विपक्ष ने वॉकआउट कर बाहर आ गए। पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि सरकार दागदार है। सदन में गलत जवाब देती है। अपराधों को लेकर हमारे तीन साथियों ने सरकार का ध्यानाकर्षण कराया, लेकिन गलत उत्तर दिए गए। सरकार कहती है कि एक भी दागी अधिकारी थानों में पोस्टेड नहीं है। ये गलत है। सरकार को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए।

## अब हड़ताल और तालाबंदी करने के लिए डेढ़ महीने पहले देना होगा नोटिस

### श्रम विधेयक हुआ पारित, विपक्ष ने इसे मजदूरों का शोषण करने वाला करार देते हुए किया वॉकआउट




**भोपाल।** प्रदेश में अब उद्योगों में हड़ताल और तालाबंदी करने के लिए उद्योग प्रबंधन को डेढ़ महीने पहले नोटिस देना होगा। विधानसभा में गुरुवार को श्रम विभाग से जुड़े तीन कानूनों को संशोधन के साथ विधेयक को मंजूरी दी गई, जिसमें श्रम विभाग के औद्योगिक विवाद अधिनियमत 1947 के अंतर्गत प्रावधानों में कई बदलाव किए गए। इधर, कांग्रेस ने विधेयक पर चर्चा के दौरान इसे मजदूरों का शोषण बढ़ाने वाला बताया और इसका विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने इसके विरोध में सदन से वॉकआउट कर दिया और बाहर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस विधेयक से मजदूरों का हड़ताल और आंदोलन करने का अधिकार छीन जाएगा। यह ठेका प्रथा को बढ़ावा देने वाला है। कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने आरोप लगाया कि भाजपा पूंजीवादियों की सरकार है और पूंजीवादियों के लिए काम करती है। कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने इस संशोधन विधेयक में मजूदरों के खिलाफ इसके जो प्रावधान है वह श्रमिक हितों को कुचलेंगे। इस विधेयक पर विचार होना चाहिए।

### मंत्री बोले-मजदूरों का बुरा नहीं होंगे देंगे

*इधर, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह विधेयक मजदूरों के हित में है। विधेयक में ठेकेदारों के लिए कर्मचारियों को रखने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया में भी राहत दी गई है। साथ ही कारखानों के लिए दिए जाने वाले लाइसेंस के लिए भी नियमों में संशोधन कर राहत देने का फैसला किया है। अलग-अलग संशोधनों को मंजूरी दिलाने के बाद सरकार ने कहा है कि इससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर बनेंगे। इस विधेयक के माध्यम से ठेकेदारों को लाइसेंस लेने के लिए 50 कर्मचारियों की लिमिट तय कर दी गई है, जबकि पहले यह 20 कर्मचारियों को लेकर थी। जिन्हें उद्योग के खिलाफ आंदोलन करना है उन्हें पहले सूचना देनी होगी। विधेयक में प्रावधान है कि अब पीएफ का पैसा मजूदरों के खाते में ही जाएगा। यह मजदूर के हित में लाया गया विधेयक है। हम मजदूरों का बुरा नहीं होंने देगे। मंत्री ने विपक्षी सदस्यों द्वारा विधेयक का विरोध करने पर कहा कि आप लोगों को किसी ने पर्ची पकड़ा दी तो गलत ही पढ़ोगे।*

### अनुपूरक बजट में पर्यटन को बढ़ाने देने का कहीं कोई उल्लेख नहीं: राठौर

विधानसभा में अनुपूरक बजट पर कांग्रेस विधायक नितेंद्र बृजेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि वित्त मंत्री ने जो अनुपूरक बजट जो पेश किया, मैं उससे असहमत हूं। बजट सुनने में तो यह बहुत अच्छा लगा, लेकिन ईमानदारी से जमीन पर अगर इतनी चीजें आ जाएं तो यहां पर कोई असंतुष्ट हो ही न, सारा प्रदेश संतुष्ट हो जाए। मप्र देश का दिल है और यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। हम एक ऐसा राज्य हैं, जहां कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। जैसे ओरछा जहां रामराजा का मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर का मंदिर, ओमकारेश्वर का मंदिर, दतिया मां पितांबरा पीठ का मंदिर समेत यहां पर कई धार्मिक स्थल हैं। मप्र कई ऐतिहासिक धरोहर हैं, जैसे खजुराहो, ओरछा, चंदेरी, ग्वालियर, मांडू, सांची, महेश्वर आदि हैं। राठौर ने कहा कि प्राकृतिक खूबसूरती भी हमारे प्रदेश में किसी से कम नहीं है, पचमढ़ी और कई जगहें हैं। मैं बुंदेलखंड से आता हूं, जहां अनेक चंदेलकालीन तालाब हैं, मेरा कहना है कि इसके बावजूद भी जो पर्यटन को महत्व मिलना चाहिए, वह महत्व हमारे प्रदेश में नहीं मिलता और जो अनुपूरक मांगों की किताब है, उसमें पर्यटन का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। इससे यह साबित होता है कि सरकार पर्यटन के प्रति कितनी गंभीर है।



### मंत्री ने अपने जवाब में कहा, मेट्रो का कार्य टेक्निकल होता है, इसे टुकड़ों में नहीं कर सकते

विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो परियोजना में ऑरेंज लाइन व ब्लू लाइन का कार्य एक साथ शुरू किया गया है। यह टेक्निकल कार्य है, टुकड़ों में नहीं कर सकते। पूरा प्लान, लाइनिंग, कंस्ट्रक्शन एक साथ बनता है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट आता है तो यह संभव नहीं है कि एक-एक कार्य टुकड़े- टुकड़े में कराएं। यह व्यावहारिक रूप से भी संभव नहीं है। उन्होंने मेट्रो की प्रगति, प्रोजेक्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा में गुरुवार को भोपाल मध्य के विधायक आरिफ मसूद ने मेट्रो रेल परियोजना में ऑरेंज लाइन और ब्लू लाइन का कार्य एक साथ शुरू करने पर होने वाली दिक्कतों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दोनों कार्य एक साथ करने की वजह से पूरे शहर को खोद दिया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एक एक लाइन बारी-बारी से करना चाहिए था। विधायक मसूद ने कहा कि जब तक ब्लू लाइन तैयार नहीं हो जाती, तब तक ऑरेंज लाइन बनाने की जरूरत नहीं थी। ऐसे तो पूरे शहर को खोद दिया गया है। लोगों को आने जाने तक में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेट्रो के चार वर्ष में अभी दो स्टेशन ही पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि एक लाइन पूरा कर देते तो फिर दूसरी लाइन में हाथ लगाते। उन्होंने कहा विस्थापन की सूची उन्हें उपलब्ध नहीं कलाई कराई गई है कि कितना करेंगे और क्या है। इस मुद्दे पर भी कुछ नहीं बताया जा रहा है।

---

भाटापारा के मातादेवालय ग्राम खोखली रोड की घटना

## जुए के फड़ पर छापा 11 जुआरी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

मातादेवालय ग्राम खोखली रोड स्थित एक कॉलोनी में देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस छापेमारी में करीब 11 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, जुए की फड़ पर करीब दो लाख रुपये से अधिक की रकम दांव पर लगी थी। यह कार्रवाई भाटापारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) के निर्देशन में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि लंबे समय से यह जुआ रैकेट संचालित हो रहा था, जिसकी गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई।

फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा उपचार

## छग शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष सड़क हादसे में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर शुक्रवार की दोपहर को कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मस्सू कोकोड़ा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार व बाइक में भिड़ंत हो गई। इस घटना में छत्तीसगढ़ राज्य शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन शुक्रवार को पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के घर शोक सभा में शामिल होने के लिए आ रही कि पैट्रोल पम्प के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार एक बाइक से उनकी कार की भिड़ंत हो गई, इस घटना में मोना सेन के साथ ही बाइक सवार भी घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मोना सेन के ड्राइवर ने अपनी ही गाड़ी से दोनों घायलों को फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां तीनों का इलाज जारी है, घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व धरसीवा विधायक देवजी भाई पटेल और पूर्व कवर्धा विधायक अस्पताल पहुंचे।



नंदिनी थाना क्षेत्र के बागडूमर स्थित मदर टेरेसा स्कूल का मामला

## मासूम को टीचर ने पीटा, मुंह पर लगाया टेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र के बागडूमर स्थित मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी में पढ़ने वाली एक छोटी बच्ची के साथ स्कूल की संचालिका के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है।

बच्ची के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए संचालिका को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वहीं, बच्ची के पिता प्रवीण यादव का आरोप है कि बच्ची को इस तरह से मारा गया है कि उसके हाथ में अभी तक मार के निशान दिखाई दे रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं बच्ची के मुंह में 15 मिनट टेप चिपका दिया गया था। इसके बाद जब वह घर पहुंची तो बच्ची के शरीर पर चोट के निशान देखे जाने पर स्कूल प्रबंधन से फोन पर चर्चा की गई, लेकिन उनके द्वारा यह बताया गया कि आपकी बच्ची पढ़ाई लिखाई नहीं करती है। इसलिए उसे सिर्फ डांटा गया है। पुलिस ने बच्ची के साथ मारपीट करने के आरोप में संचालिका को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।



लोहंडीगुड़ा के धुरागांव का मामला

## पति से अलग रह रही महिला ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ पुलिस कर रही आत्महत्या के कारणों की जांच

लोहंडीगुड़ा के धुरागांव में रहने वाली एक एएनएम ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मामले की जानकारी देते हुए लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के उसरीबेड़ा धुरागांव निवासी शालिमा बघेल 30 वर्ष जो एएनएम के पद में मर्दापाल में काम कर रही थी, 4 भाई बहनों में दूसरे नम्बर की थी, वहीं पिता गांव के ही एक स्कूल में शिक्षक है, वही एक भाई कोंडागांव में है तो दूसरा भाई जगदलपुर में रहता था, वही एएनएम शालिमा बघेल घर में कोई नही होने के कारण अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम जब चाचा घर पहुंचे तो देखा कि शालिमा फंदे में लटकी हुई थी, जिसके बाद आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी गई, वही शव को पीएम के लिए भेज दिया गया, राखी के 8 दिन पहले बहन ने आत्महत्या क्यों कि ये परिजनों से लेकर किसी को भी नही थी, इसके अलावा शालिमा शादीशुदा होने के बाद अपने पति से अलग रह रही थी, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़कों से लेकर बाजारों तक, स्वच्छता के रंग में रंगी संस्कारधानी

# जबलपुर ने मनाया स्वच्छता में देश के टॉप-5 में आने का गौरव





**जबलपुर।**

देशभर के 4581 शहरों में से जबलपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में देशभर में 5वां स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। इसके साथ ही जबलपुर को 7-स्टार रेटिंग, फ्री गार्बेज सिटी, और वॉटर प्लस सिटी का दर्जा भी प्राप्त हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न पूरे शहर ने शुक्रवार को स्वच्छता महोत्सव के रूप में मनाया, जिसमें हजारों नागरिकों, व्यापारियों, स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

महोत्सव की शुरुआत सुबह नर्मदा तट ग्वारीघाट पर हुई, जहां महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य विवेक राम सोनकर, रजनी साहू, सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेन्द्र यादव सहित नगर निगम के पार्षदों व नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव व अन्य अधिकारियों ने मां नर्मदा का पूजन कर शहर की उपलब्धियों के लिए आभार प्रकट किया। महापौर ने इस मौके पर कहा, मां नर्मदा जबलपुर की जीवनरेखा हैं, और उनके आशीर्वाद से ही यह शहर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

### झाड़ू से लेकर रंगोली तक

महोत्सव के दौरान महापौर और निगम की टीम ने भंवरताल क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। शहर के कई हिस्सों में रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई गईं, जिनमें नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाले संदेश समाहित थे।

### बाजारों में छूट का उत्सव

शहर के प्रमुख बाजारों में भी उत्सव जैसा माहौल रहा। मालवीय चौक, सुपर मार्केट, सराफा, गोहलपुर, अधारताल, ओमती और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों के व्यापारी दुकानों को दुल्हन की तरह सजाकर महोत्सव में शामिल हुए। कई प्रतिष्ठानों ने ग्राहकों को विशेष छूट देकर इस सफलता को साझा किया।

### विद्यालयों और कॉलेजों की भागीदारी

स्वच्छता महोत्सव में एमएलबी स्कूल, स्टेमफील्ड स्कूल विजय नगर, मेडिकल कॉलेज, और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह रैलियों, नाट्य प्रस्तुतियों और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

### शपथ, संकल्प और लकी ड्रॉ

नगर निगम ने स्वच्छता के प्रति संकल्प को और मजबूत करने के लिए सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। नागरिकों से ली गई शपथों को संग्रहित कर लकी ड्रॉ आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 1 लाख और अन्य कई पुरस्कार शामिल हैं।

### एकता चौक पर समापन

दिनभर चले इस महोत्सव का समापन शाम 7 बजे विजय नगर के एकता चौक पर किया गया। समापन समारोह में भी बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त प्रीति यादव ने इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को धन्यवाद दिया और इस उपलब्धि को शहर की सामूहिक जीत बताया। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि अब लक्ष्य केवल पांचवां स्थान नहीं, बल्कि देश में पहला स्थान प्राप्त करना है। यह तभी संभव है जब हम सभी स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।




## रोटरी क्लब ने किया महापौर का स्वागत

स्वच्छता अभियान के परिणाम स्वरूप प्राप्त हुई प्रतिष्ठा को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह और एम आईसी सदस्यों का रोटरी क्लब द्वारा स्वागत किया गया। रोटरी क्लब एक्सीलेंस के आशीष, अभिषेक केशरवानी आशीष जैन, अमित जैन, अभिषेक अग्रवाल, अशोक साहू, शैलेंद्र जेठा पवन केसरवानी उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं के साथ महापौर ने मनाया स्वच्छता महोत्सव



शहर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू हाई कोर्ट पहुंचे। उन्होंने हाई कोर्ट बार के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ स्वछता महोत्सव मनाया। इस दौरान परिसर को साफ किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विश्व की सबसे बड़ी स्वच्छता प्रतियोगिता में जबलपुर को देश में पांचवां स्थान मिला है। जिसकी खुशी सभी के चेहरों पर झलक रही थी। हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव निखिल तिवारी, हाई कोर्ट बार उपाध्यक्ष अमित जैन, प्रदीप शर्मा, सत्येंद्र ज्योतिषी, हाई कोर्ट बार के संयुक्त सचिव योगेश सोनी, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह, स्मिता केहरी, सपना तिवारी, गरिमा तिवारी, पुस्तकालय सचिव रजनीश उपाध्याय, मनोज कुशवाहा सहित सैकड़ों वकीलों का उत्साह देखने लायक रहा।

# जबलपुर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई बॉडी को मान्यता देने की कारवाई निरस्त

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की उस कार्रवाई को निरस्त कर दिया जिसके तहत जबलपुर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जेडीसीए) की वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई बॉडी को मान्यता दे दी थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने एकलपीठ के उस फैसले को भी खारिज कर दिया जिसके तहत जेडीसीए को बहाल करने का आदेश निरस्त कर दिया गया था। हालांकि हाईकोर्ट ने आपत्तिकर्ता सुरेंद्र वर्मा को यह स्वतंत्रता दी है कि वे जेडीसीए के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई शुरू कर सकते हैं।



जेडीसीए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर व समरेश कटारे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जेडीसीए का गठन 1999 में हुआ था। वर्ष 2006 तक की कार्यकारिणी में सुरेंद्र वर्मा ज्वाइंट सेक्रेटरी थे। 2006 में नई कार्यकारिणी बनी। रजिस्ट्रार ने एसोसिएशन से वार्षिक जनरल मीटिंग की जानकारी मांगी। चूंकि पुरानी बॉडी ने 2004 से 2006 तक की जानकारी नई कार्यकारिणी को उपलब्ध नहीं कराई थी, इसलिए रजिस्ट्रार को पूरी जानकारी नहीं दे पाए। इस पर रजिस्ट्रार ने 2013 में जेडीसीए को भंग कर दिया। एसोसिएशन की ओर से सभी जानकारी भेजी गई, जिसके बाद जनवरी 2014 में जेडीसीए को बहाल कर दिया गया। इसके बाद सुरेंद्र वर्मा ने 11 साल बाद उसी मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने इस आधार पर याचिका निरस्त कर दी कि वह देरी से पेश की गई। इसके साथ ही एकलपीठ ने 2014 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया जिसमें जेडीसीए को बहाल कर दिया गया था। इसलिए जेडीसीए की ओर से युगलपीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई।

## एटीएस की कार्रवाई में बड़ा पासपोर्ट घोटाला उजागर, 10 लाख से अधिक के लेन-देन का खुलासा

# जबलपुर में फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट बनवाने वाले अफगानी नागरिक समेत तीन गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर।**

आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) जबलपुर इकाई को एक बड़ी सफलता मिली है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर जबलपुर में अवैध रूप से रह रहे एक अफगानी नागरिक और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक बड़ा रैकेट सामने आया है, जो देशभर में अफगान नागरिकों को फर्जी भारतीय पहचान दिलाने में संलग्न था।

### विवाह कर बनाई पहचान

मुखबिर की सूचना पर एटीएस ने जबलपुर से अफगानी नागरिक सोहबत खान पिता बदरुद्दीन खान को गिरफ्तार किया, जो करीब 10 वर्षों से जबलपुर में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपी ने न केवल एक स्थानीय महिला से विवाह कर भारतीय पहचान बनाई, बल्कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वर्ष 2020 में भारतीय पासपोर्ट भी बनवा लिया था।

### फर्जी दस्तावेज के आधार पर बने पासपोर्ट

एटीएस की जांच में यह भी सामने आया है कि सोहबत पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में रह रहे अन्य अफगानी नागरिकों के लिए भी जबलपुर के फर्जी पते पर दस्तावेज तैयार कर, भारतीय पासपोर्ट बनवा रहा था। अब तक करीब 20 ऐसे अफगानी नागरिकों की जानकारी सामने आई है। इनमें पश्चिम बंगाल निवासी अकबर और इकबाल के पासपोर्ट फर्जी पते से बन भी चुके हैं।

### इनको किया गया गिरफ्तार

एटीएस ने सोहबत खान, निवासी 8 नल छोटी ओमती, दिनेश गर्ग, पिता श्रवण कुमार गर्ग, उम्र 40 वर्ष, निवासी विजय नगर, जबलपुर वनरक्षक, वर्तमान में कलेक्टर कार्यालय के चुनाव सेल में पदस्थ, महेंद्र कुमार सुखदन, पिता माधव प्रसाद सुखदन, उम्र 45 वर्ष, निवासी एपीएन स्कूल के पास, कटंगा, जबलपुर शामिल हैं।

### आधार कार्ड में ऑनलाइन फर्जीवाड़ा

जांच में खुलासा हुआ कि पासपोर्ट बनवाने से पूर्व आधार कार्ड में पता ऑनलाइन बदलकर जबलपुर किया गया। इसके बाद स्थानीय युवकों की मदद से दस्तावेज तैयार करवाए गए, पुलिस वेरिफिकेशन हुआ और पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट हासिल किया गया।

### 10 लाख से अधिक के लेन-देन के प्रमाण

अब तक एटीएस को इस नेटवर्क के जरिए 10 लाख रुपये से अधिक के लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। दस्तावेज तैयार करने, वेरिफिकेशन कराने और डाक से पासपोर्ट डिलीवर कराने में कुछ सरकारी कर्मियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। एटीएस ने अन्य अफगानी नागरिकों की पहचान और रैकेट में शामिल स्थानीय सहयोगियों की तलाश तेज कर दी है।

# समरसता क़ज़ालियाँ महोत्सव को लेकर क्षेत्रीयजनों में उत्साह का माहौल

## क़ज़ालियाँ महोत्सव पर क्षेत्रीयजनों की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित संस्कारधानी समरसता क़ज़ालियाँ महोत्सव के आयोजन को लेकर हनुमानताल क्षेत्र के स्थानीय जनों के साथ समरसता सेवा संगठन की बैठक का आयोजन जैन हवेली हनुमानताल में किया गया। बैठक में प्रस्तावना रखते हुए समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया हमारी सनातनी परंपरा में समरसता भाव से निहित पर्व क़ज़ालियाँ को समरसता सेवा संगठन द्वारा सर्व समाज की सहभागिता और सहयोग से संस्कारधानी में महोत्सव के रूप में पिछले दो वर्ष में मनाया गया, जिसमें प्रथम वर्ष का आयोजन सिटी बंगाली क्लब और विगत वर्ष का आयोजन दद्दा परिसर मदनमहल में किया गया था, और इस तीसरे वर्ष के आयोजन की चर्चा विगत दिनों आयोजित सर्व समाज की बैठक में की गई, तो सभी ने तय किया कि इस वर्ष इस आयोजन को हनुमानताल में किया जाये और इसे मेले के स्वरुप में आयोजित किया जाये, इसीलिए सभी की मंशा अनुरूप इस



वर्ष यह आयोजन हनुमानताल में किया जा रहा है।

श्री जैन ने कहा आयोजन के संबंध में स्थानीय निवासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण और प्रभावी होगी इस हेतु सभी के सुझाव हेतु संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित गणमान्य जनों ने कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में अग्रवाल समाज के पं. रोहित दुबे, कैलाश अग्रवाल बब्बा, दिगंबर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन, वरिष्ठ समाजसेवी शशिकांत मिश्रा, सुरेश सराफ नवरूप, राजमणि यादव, जीवन रजक, संतोष चौबे, मनोज सेन, शैलेन्द्र मिश्रा, आलोक पाठक, प्रदीप जैन, कविता रैकवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। बैठक में अजय तिवारी, सत्येंद्र परिहार, शशांक खजाँची, सतीश तिवारी, सत्यम रजक, बबलू सोनकर, अनिल पॉल, मुन्ना यादव, रमाकांत मिश्रा, विकास रैकवार, दीपक विश्वकर्मा, आकाश ताम्रकार, राकेश अग्रवाल, मनोज सेठ, लता रैकवार, प्रकाश चक्रवर्ती, केके चौरसिया, विजय सिन्हा, चिंटू खजाँची, रामजी मिश्रा, महेश आचार्य, छेनू तिवारी उपस्थित थे।

## मिशन स्वच्छ जबलपुर के तहत पुलिस कप्तान के निर्देश पर चला विशेष अभियान

# स्वच्छता महोत्सव में थानों की बदली सूरत, दीपों से दमका परिसर

**हरिभूमि, जबलपुर।**

शहर और ग्रामीण अंचलों के थानों में जब दीप प्रज्वलित हुए, रंगोली बनी, गुब्बारे और विद्युत सज्जा से परिसर जगमगाए तो यह केवल सजावट नहीं, स्वच्छता और जन-जागरूकता का संदेश था। मिशन स्वच्छ जबलपुर के तहत पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर शुक्रवार को जिलेभर के थाना और कार्यालय परिसरों में स्वच्छता महोत्सव का आयोजन किया गया।

### स्वच्छता के साथ सौंदर्य का भी संदेश

पुलिस प्रशासन द्वारा थानों में स्वच्छता, साज-सज्जा और जनभागीदारी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता सामाजिक जिम्मेदारी है। इस विशेष अभियान में प्रत्येक थाने में साफ-सफाई कर रंगोली बनाई गई, दीप जलाए गए, गुब्बारों व आकर्षक विद्युत सज्जा से वातावरण को उत्सवमय बनाया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सफल आयोजन

इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, तथा एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षकों द्वारा थानों की निगरानी की गई।

सभी थानों को निर्देशित किया गया कि वे परिसर में सूखे एवं गीले कचरे के लिए पृथक डस्टबिन, नियमित सफाई, तथा स्वच्छता बनाए रखने के स्थायी उपाय सुनिश्चित करें।




### नागरिकों को मिला स्वच्छता का संदेश

इस आयोजन से जहां नगर निगम जबलपुर के प्रयासों को बल मिला, वहीं आमजन में स्वच्छता को लेकर नई चेतना का संचार हुआ। यह स्पष्ट संदेश गया कि जब पुलिस प्रशासन स्वयं आगे बढ़कर स्वच्छता का संकल्प ले, तो समाज में बदलाव निश्चित हैं।



# "जबलपुर को मटमैले पानी व जल संकट से कब मिलेगी निजात"

**जबलपुर।**

पूर्व विधानसभा के विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में बताया कि जबलपुर शहर को सुबह-शाम मटमैला पानी प्राप्त हो रहा है, भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट से जनता को मिलने वाला पानी सीधे टंकियों में भरा जा रहा है, जबकि अमृत जल योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये सरकार खर्च कर रही है। उन्होंने सदन में बताया कि जलापूर्ति में एक करोड़ रुपये सालाना तथा केमिकल पर लगभग 50 करोड़ रुपये व्यय किया जा रहा है। बावजूद इसके गोबर युक्त पानी जनता को मिल रहा है, वहीं पानी को शुद्ध करने 2020-21 से अब तक रसायन मिलाने का काम करने प्रशिक्षित केमिस्ट नहीं है। जबलपुर में पांच जलशोधन संयंत्र हैं, जिनसे 271 एमएलडी जल प्रतिदिन वितरित किया जाता है, शहर में 63 टंकिया हैं, फिर भी पानी का हाहाकार मचा हुआ है, जिसका जीता-जागता उदाहरण वार्ड क्रमांक 69, 12 है। श्री घनघोरिया के प्रश्नों पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि अमृत योजना के तहत 312 करोड़ रुपये की योजना चल रही है और 23 लाख रुपये सफाई पर खर्च किए जाते हैं। विधायक घनघोरिया ने पूछा कि इतना पैसा खर्च होने के बाद भी जनता पानी को लेकर क्यों परेशान है? राजनीतिक के चलते भेदभाव क्यों किया जा रहा है। मां नर्मदा की गोद में बसे जबलपुर शहर को लापरवाही एवं भ्रष्टाचार से बचाया जाए।

**विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में उठाया मुद्दा**

## श्रावण मास में बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में किया जा रहा है श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन

# श्रद्धा ही है जगदंबा पार्वती का स्वरूप: ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।



श्रावण मास की पुण्यधारा में जब वातावरण शिवमय हो जाता है, तब बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ भी भक्ति की गूंज से आलोकित हो उठा। श्रावण मास के पावन पर्व पर आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने शिवभक्ति की दिव्यता एवं श्रद्धा की पराकाष्ठा को उजागर किया। अपने प्रवचन में पूज्य ब्रह्मचारी जी ने कहा श्रद्धा ही जगदंबा पार्वती का स्वरूप है। श्रद्धा जब संकल्प बन जाती है, तब भगवान शिव स्वयं उसके सामने प्रकट हो जाते हैं।

### मास भक्ति, तप और आत्मशुद्धि का प्रतीक

उन्होंने श्रावण मास की विशेष महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मास भक्ति, तप और आत्मशुद्धि का प्रतीक है। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राक्ष धारण, भस्म तिलक, बिल्वपत्र अर्पण, तथा महाभिषेक द्वारा शिव की आराधना करने से भक्तों के जीवन से समस्त संकट दूर हो जाते हैं।

### सती चरित्र का मार्मिक वर्णन

ब्रहमचारी जी ने सती चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जब माता सती ने अपने पिता दक्ष के द्वारा भगवान शिव का अपमान होते देखा, तो उन्होंने शरीर त्याग दिया। लेकिन अंत समय में भगवान शिव के चरणों का ध्यान करते हुए सती ने शिवलोक को प्राप्त किया। उनकी अखंड श्रद्धा का ही फल था कि वे अगला जन्म लेकर हिमाचल और रानी मैना के घर पार्वती रूप में अवतरित हुईं और शिव से पुनः वरण किया।

### भक्ति भाव से ओतप्रोत हुए श्रद्धालु

इस आयोजन में भक्ति भाव से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा के दौरान वातावरण मंत्रमुग्धकारी शिव भजनों, मंत्रोच्चारण और महाआरती से गुंजायमान रहा।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, श्याम नीता, वर्षा साहू, नीरज गुप्ता, नीता पटेल, शैलेश दुबे, आशीष चौकसे, प्रीति अग्रवाल, रिचा मिश्रा, राधा शुक्ला, नेहा गुप्ता, आराध्या चौकसे, तुलसी अवस्थी, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, गौरव चौबे, आशीष चौकसे, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, अर्पित वर्मा सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा प्रतिदिन हो रहा रुद्राअभिषेक का आयोजन



**जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क रुद्राअभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सावन के तेईसवे दिन भी भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेकाचार्य पं मोहित तिवारी द्वारा सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रों के साथ दीनदयाल साईं कॉलोनी हनुमान मंदिर के पास शिव मंदिर में संपन्न हुआ पं मोहित तिवारी ने शिव को ही 'रुद्र' कहा जाता है, क्योंकि रुतम्- दुःखम्, द्रावयति-नाशयतीतिरुद्रः यानी कि भगवान भोले शंकर सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं। सावन माह में रुद्राभिषेक करने से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में शिवत्व का उदय होता है तथा भगवान शिव का शुभाशीर्वाद भक्तों को प्राप्त होता है।

सावन मास रुद्रा अभिषेक संयोजक एवं संकीर्तन मंडल संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ किसी भी प्रकार कभी चंदा नहीं लिया जा रहा है सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा भगवान शिव की अद्भुत प्रस्तुति की गई। 02 अगस्त शनिवार को अधारताल धनी की कुटिया के पास 7:30 से 9:30 तक रुद्राभिषेक के साथ भगवननाम संकीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद दीवान, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, सह संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, मनोज गुलाबवानी, दीपक तिवारी, मनोहर विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, चंद्र कुमार पटेल, नरेश गुजराती, छन्नूराम पटेल, गणेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, नरेश गुजराती आदि उपस्थित रहे।





## शासकीय यशोदा बाई कन्या शाला में हुआ आयोजन

# शिक्षक जयप्रकाश तिवारी के विदाई समारोह में मंच पर ही रो पड़ी बच्चियां

**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार के वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश तिवारी अपनी अधिवार्षिकी आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अतुल मिश्रा और सी.एम.राइज़ प्राचार्य अशोक उपाध्याय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य जे.एल. खांडे ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद गौरादेवी विश्वकर्मा और बी.आर.सी.सी. बृजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### भावुक पल जब बच्चियाँ रो पड़ीं

इस विदाई समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब प्राथमिक विभाग की छोटी छात्राएं अपने प्रिय शिक्षक जयप्रकाश तिवारी के प्रति अपना लगाव नहीं रोक सकीं। वे स्वागत कार्यक्रम के बीच में ही मंच पर पहुँच गईं और अपने शिक्षक से लिपटकर फूट-फूटकर रोने लगीं। बच्चों को इस तरह रोता देख मंच पर मौजूद सभी अतिथि और शिक्षक भी भावुक हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक ने बच्चियों को समझाया कि वह स्कूल आते रहेंगे तब जाकर उन्होंने रोना बंद किया। यह दृश्य वहाँ उपस्थित सभी लोगों के मन में अपने शिक्षक के प्रति बच्चों के गहरे स्नेह को दर्शा गया।

### अभिनंदन पत्र स्मृति चिन्ह भेंट

विदाई समारोह में कई संगठनों ने जयप्रकाश तिवारी को अभिनंदन पत्र भेंट किए। इनमें एकीकृत शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, पटवारी संघ, कृषि उपज मंडी संघ, अज़ाक्स संघ, सर्वोदय ब्राह्मण समाज और लिपिक संघ के प्रतिनिधि शामिल थे। शिक्षक जयप्रकाश तिवारी ने छात्रों को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद के विचार वाले स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसके अतिरिक्त, प्राचार्य जे.एल. खांडे ने शिक्षकों और अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सभी आमंत्रित लोगों को डॉ.कैलाश सत्यार्थी की पुस्तक भी भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अरविंद तिवारी ने किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक विद्यालय का स्टाफ एंव छात्राएं उपस्थित थीं।

# पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया



**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के द्वारा जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। पार्श्वनाथ दिगंबर बड़े एंव पंचायती जैन मंदिर में सुबह महामस्तिकाभिषेक, शांतिधारा व पूजन के पश्चात सभी ने मुकुट सप्तमी के पावन अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाए एवं रात्रि में कल्याण मंदिर स्त्रोत का पाठ व आरती की गई। साथ ही 16 दिवसीय शांतिनाथ विधान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समाज सभी लोग धर्म लाभ ले रहे है।

# मनोकामनी कांवर यात्रा कल, ग्वारीघाट से जाएगी ललपुर शिवमंदिर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में 3 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाली मनोकामनी कांवड़ यात्रा के संबंध में एक महत्वपूर्ण मीटिंग कतिया समाज युवा ब्रिगेड द्वारा आयोजित की गई। इस मीटिंग में यात्रा के आयोजन और व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। यह यात्रा ग्वारीघाट से संत भूरा भगत धाम लालपुर शिव मन्दिर तक जाएगी जंहा जलाभिषेक होगा इसके पश्चात प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और दानदाताओं से अपील की है कि वे इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें। मीटिंग के दौरान कामेश सूर्यवंशी, अजित राकेश, नितेन्द्र नागेश, दिनेश नाग, अरविंद बेलवंशी, विनय सुवेदी, राजेश सिंगारे, कार्तिक सालवार, आदि उपस्थिति रहे ।

## रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**सिहोरा।** समाजसेवी स्वर्गीय अनिकेत चीनू की चौथी पुण्य स्मृति पर नगर के लफ्ज़ वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 3 अगस्त रविवार को भी डी हाईस्कूल में प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक रक्तदान एंव स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ निःशुल्क थैलीसीमिया, शुगर, ब्लड प्रेशर जांच करने के साथ,ब्लड ग्रुप रिपोर्ट देने की भी व्यवस्था की है। विदित हो गत वर्ष तृतीय पुण्य स्मृति पर इसी समाजिक संस्था ने रक्त सहभागिता शिविर आयोजित कर करीब 200 यूनिट रक्त एकत्र किया था। आयोजन में सभी से पहुंचने की अपील की गई है।

# संदीपनी विद्यालय के नए भवन में हुआ प्रवेश महोत्सव



**मझौली।** संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली के नए भवन प्रवेश महोत्सव संपन्न हुआ। मां सरस्वती जी की प्रतिमा का अनावरण एवं पूजन अर्चन तत्पश्चात माँ सरस्वती जी की वंदना के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बैनर तले एवं क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई तथा सांसद आशीष दुबे के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मझौली की अध्यक्ष श्रीमति विद्या दिनेश चौरसिया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं नगर परिषद मझौली अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया की अध्यक्षता में सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली के नवनिर्मित भवन का आज शुभारंभ किया गया। सभी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, सहायक संचालक अतुल चौधरी, विकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी मझौली एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता राय मुकेश सेन, दिनेश चौरसिया, महेंद्र कोष्टा, तथा समस्त स्टाफ, अभिभावकों, छात्र छात्रों की सहभागिता रही।

## तिलवारा में नवजात शिशु का शव उतराता मिला

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत नर्मदा नदी किनारे बड़े पुल के पास एक नवजात शिशु का शव उतराता मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात 8.30 बजे तिलवाराघाट नर्मदा नदी किनारे बड़े पुल के पास एक नवजात शिशु का शव पानी में उतराता मिला, जिसकी नाभि में नीले रंग की क्लिप लगी है। मृत शिशु की उम्र लगभग 8-9 महीने का बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# 7 आरोपी चाइना चाकू के साथ पकड़े गए

**जबलपुर,।** ओमती, कोतवाली, माढ़ोताल और विजयनगर थाना क्षेत्रों में अवैध शस्त्र रखकर घूम रहे 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 चाकू जब्त किए हैं। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर जिला शिक्षा कार्यालय के बाजू में चाकू लेकर खड़े नया मोहल्ला ओमती निवासी 22 वर्षीय जिशान खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाईना चाकू जब्त किया है। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने गत रात उखरी रोड पावर हाउस के पास पीएनटी कालोनी शिव शक्ति मंदिर के पास 19 वर्षीय हर्ष झारिया को चाईना चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह माढ़ोताल में गत रात रैगवा मोड़ में सूरतलाई बिलखरवा निवासी 20 वर्षीय श्याम नट, को चाईना चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह माढ़ोताल में गत रात पाटन बायपास पुल के नीचे सूरतलाई बिलखरवा निवासी 35 वर्षीय उत्तम सिंह नट को और पाटन बायपास नागपुर तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर सूरतलाई नट बस्ती बिलखरवा निवासी 19 वर्षीय हीरा नट को गिरफ्तार कर दोनों के पास से दो चाकू जब्त किए है। इसी तरह माढ़ोताल में गत रात पाण्डव ढाबा के पास हाईवे सर्विस रोड पर सूरतलाई बिलखरवा निवासी 19 वर्षीय देवराज नट को गिरफ्तार कर उसके पास से बटनदार चाकू जब्त किया है। वहीं विजय नगर में पीएनटी खण्डहर मकान के पास सूरतलाई बिलखिरवा नट बस्ती माढोताल निवासी 20 वर्षीय जतिन नट को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# मायके से 3 लाख नहीं लाने पर पति ने किया प्रताड़ित

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत मां नर्मदा सिटी होम्स बिलहरी में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला की लिखित शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मां नर्मदा सिटी होम्स बिलहरी निवासी 37 वर्षीय श्रीमति तृप्ति खरे की शादी 8 मई 2019 को नर्मदा सिटी होम्स बिलहरी निवासी निखिल श्रीवास्तव से हुई है। शादी के समय उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा 10 लाख रूपये की मांग कर रहे थे उसके मायके वालों ने शादी में 3 लाख रूपये नगद तथा गृहस्थी का सामान तथा सोने चांदी के गहने दिये थे शादी के एक माह बाद से पति बोले कि शादी में तुम्हारे मायके वालों से 10 लाख रूपये नगद मांगे थे जो 3 लाख रूपये नगद ही दिये हैं अब मायके से 5 लाख रूपये लेकर आओ, उसने मना किया तो पति उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे, पति उससे एवं उसके 5 वर्षीय बेटे तनिष्क के साथ भी मारपीट करते हैं। पति ने उसके 10 लाख रूपये के गहने भी बेच दिये हैं और मांग पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी निखिल श्रीवास्तव के विरूद्ध धारा 85, 351 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, 4 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत निवास रोड पर एक ट्रक ने एक ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमें सवार चार मजदूर घायल हो गए वहीं ई रिक्शा चालक को मामूली चोटें आई है। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बधैया मोहल्ला गोहलपुर निवासी 32 वर्षीय मजदूर सत्यम लोधी अपने मजदूर साथी दौलत सिंह, सत्येंद्र कुमार, अंगद प्रसाद और ब्रजेश नाई के साथ काम करने ई रिक्शा से ग्राम देवरी पटपरा काम करने जा रहे थे। जैसे ही बब्बा ढाबा के आगे पुलिया के पास निवास रोड पर पहुॅचे तभी पीछे से आ रहा ट्रक क्रमांक यूपी 12 टी 4662 के चालक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठे दौलत सिंह, सत्येन्द्र कुमार, अंगद प्रसाद और ब्रजेश नाई के हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गईं। सत्यम ने सभी घायलों के उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया। ई रिक्शा के चालक को मामूली चोटें आई है। वहीं ट्रक चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जुआ के फड़ पर छापा

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत जोधपुर पड़ाव में टपरे के पीछे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर पुलिस ने 10 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 हजार रुपए जब्त किए है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर जोधपुर पड़ाव में छुट्टन के टपरे के पीछे जुआ मन्ना खेल रहे अनिमेष नायडू उर्फ भैय्यू , अर्जुन मल्लाह, राजकुमार मरावी, अनिकेत यादव, अजय उर्फ अज्जू यादव, अंकित पटैल, सोमनाथ डुमार, उमेश मल्लाह, संजय काछी, हरी बर्मन को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 6 हजार 50 रूपये जप्त करते हुये सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




**श्री जय प्रकाश गुप्ता-** अवस्थी काम्पलेक्स बीटी रोड गढ़ा निवासी श्री जय प्रकाश गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई कोरी-** प्रेमसागर बापू नगर निवासी श्री पंचम लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई कोरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम चौहान-** छापर रामपुर निवासी श्री मोती लाल चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चौहान (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई सोनी-** फकीरचंद का अखाड़ा बाबा टोला निवासी श्री सुखलाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई सोनी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद सिंह ठाकुर-** शांतिनगर दमोहनाका रोड निवासी श्री गोविंद सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनेजरी देवी शर्मा-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री अयोध्या शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मनेजरी देवी शर्मा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र यादव-** गौरीघाट ललपुर रोड निवासी श्री राजेंद्र यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई पटेरिया-** खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री नारायण प्रसाद पटेरिया की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई पटेरिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई चौधरी-** गली नं. 4, पोलीपाथर निवासी श्री राजकुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बेबी बाई यादव-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री श्याम लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती बेबी बाई यादव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा-** एमआईजी 33, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री रमेश चंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गेश डुमार-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री सूरज प्रसाद डुमार के पुत्र श्री दुर्गेश डुमार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हिमांशु तिवारी-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री ब्रजेंद्र तिवारी के पुत्र श्री हिमांशु तिवारी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र वाल्मीक-** कटंगा तिराहा जेडीए कॉलोनी निवासी श्री मुन्ना लाल वाल्मीक के पुत्र श्री शैलेंद्र वाल्मीक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नारायण स्वामी-** तिलहरी निवासी श्री नारायण स्वामी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति देवी चौरसिया-** ब्यौहारबाग निवासी श्री पंचम लाल चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी चौरसिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री उदय कुमार तंतुवाय-** समदड़िया ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री उदय कुमार तंतुवाय (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता दुबे-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री राम सिधारे दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती ममता दुबे (65) का निधन हो गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362180

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर बढ़ी, 16 महीने के उच्च स्तर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- जून के 58.4 से बढ़कर जुलाई में 59.1 हुई
- मार्च 2024 के बाद से सबसे मजबूत सुधार का संकेत

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में मजबूत होकर 16 महीने के उच्च स्तर 59.1 पर पहुंच गई। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी से इसे समर्थन मिला। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून के 58.4 से बढ़कर जुलाई में 59.1 हो गया। यह मार्च 2024 के बाद से इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है।

## कुल बिक्री पांच वर्ष में सबसे तेज गति से बढ़ी

### जुलाई में लागत का दबाव बढ़ा

कीमतों के मोर्चे पर सर्वेक्षण में कहा गया कि जुलाई में लागत का दबाव और बढ़ गया। एल्युमीनियम, चमड़ा, रबर और इस्पात की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों के बीच कच्चे माल की औसत लागत जून की तुलना में तेजी से बढ़ी। इसमें कहा गया कि समिति के सदस्यों के अनुसार अनुकूल मांग की स्थिति से उनके शुल्क में वृद्धि संभव हुई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।



### पिछले महीने से अधिक

एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ' भारत की विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में 59.1 रही, जो पिछले महीने के 58.4 से अधिक है। यह 16 महीने में दर्ज सबसे अधिक दर है, जिसे नए ऑर्डर और उत्पादन में मजबूत वृद्धि से बल मिला।' सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री करीब पांच वर्ष में सबसे तेज गति से बढ़ी। इसके बाद जुलाई में उत्पादन वृद्धि बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।कारोबारी परिदृश्य के संबंध में सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारतीय विनिर्माता आगामी 12 महीनों में उत्पादन में वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं लेकिन समग्र सकारात्मक भावना का स्तर तीन वर्ष में अपने निम्न स्तर पर आ गया है।

## मारुति सुजुकी ने जुलाई में बेचे ज्यादा वाहन

मारुति सुजुकी इंडिया की जुलाई में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,526 इकाई रही। कंपनी ने जुलाई 2024 में 1,75,041 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बयान में कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर मामूली वृद्धि के साथ 1,37,463 इकाई रही।

## वन मोबिक्विक सिस्टम्स का घाटा बढ़ा

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत घाटा बढ़कर 41.9 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी को गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (जून) तिमाही में 6.6 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। आय 20.7 प्रतिशत घटकर 271.3 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष इसी तिमाही में 342.2 करोड़ रुपए थी। पहली तिमाही में कुल खर्च 312.8 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 343.6 करोड़ रुपए था। इस दौरान वन मोबिक्विक के ग्राहकों की संख्या 18.02 करोड़ तक पहुंच गई है, और इसके साथ ही 46.4 लाख व्यापारियों ने भी इसके मंच पर भागीदारी की है।

पूर्व रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी -300-डब्ल्यूसी-13-2025-26, दिनांक 31.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, फाइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: निविदा सं. : ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-13-2025-26, कार्य का नाम : "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत मेन लाइन से साइडिंग को अलग करने के लिए लाइन सीबी के प्रावधान" के संबंध में 25 केवी ओएचई एवं संबंधित विद्युत कार्य। निविदा मूल्य : रु.2,13,24,901/-, निविदा कागजात का मूल्य: शून्य। बयाना राशि : रु.2,56,600/-समापन अवधि : स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। अंतिम तिथि : दिनांक 26.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
SDAH-148/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# एप्पल का नया कीर्तिमान, भारत सहित कई बाजारों में रिकॉर्ड कमाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एप्पल ने भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व किया हासिल
- एप्पल भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलेगा

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अप्रैल-जून तिमाही में भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया, जो बाजार की उम्मीदों से अधिक है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हालांकि शुल्क के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की और सितंबर तिमाही में शुल्क से करीब 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का भार बढ़ने का अनुमान लगाया है।

कुक ने इस वर्ष के अंत में भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हर भौगोलिक क्षेत्र में आईफोन की वृद्धि देखी है ।

### दुनिया के अधिकतर बाजारों में वृद्धि

कुक ने कहा, 'हमने दुनिया के अधिकतर बाजारों में वृद्धि में तेजी देखी है। हम इन पर नजर बनाए हुए हैं। इनमें चीन और कई उभरते बाजार शामिल हैं। जून तिमाही में 24 से अधिक देशों और क्षेत्रों में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया। इनमें अमेरिका, कनाडा, लातिन अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिम एशिया, भारत और दक्षिण एशिया शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि ये परिणाम आईफोन, मैक और सेवाओं में दोहरे अंकों की वृद्धि से प्रेरित हैं।

### नया शुल्क नहीं किया जाएगा लागू

सीईओ ने कहा, ' सितंबर तिमाही के लिए यह मानते हुए कि मौजूदा वैश्विक शुल्क दरें, नीतियां और अनुप्रयोग शेष तिमाही के लिए नहीं बदलेंगे और कोई नया शुल्क लागू नहीं किया जाएगा तो हमारा अनुमान है कि इससे हमारी लागत में करीब 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का इजाफा होगा।

## रॉयल एनफील्ड की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री जुलाई में 31 प्रतिशत बढ़कर 88,045 इकाई हो गई। यह एक साल पहले इसी महीने 67,265 इकाई रही थी।

रॉयल एनफील्ड ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 76,254 इकाई रही, जो जुलाई 2024 की 61,208 इकाई से 25 प्रतिशत अधिक है। निर्यात पिछले महीने 95 प्रतिशत बढ़कर 11,791 इकाई हो गया। जबकि पिछले साल जुलाई में यह 6,057 इकाई था। रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. गोविंदराजन ने कहा, ' नई 'हंटर 350' को भारत और वैश्विक बाजारों में शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।' उन्होंने कहा, ' उत्पाद नवाचार, वैश्विक पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव पर मजबूत ध्यान देने के साथ कंपनी को मध्यम आकार की मोटरसाइकिल खंड में अपने नेतृत्व को और मजबूत करने का भरोसा है।

छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद
काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त वितरण

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरिया काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार कि जावेगा । इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्ते एवं अ जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सक है ।

ई-नीलाम दिनांक - 08/08/2025 ई-नीलाम समय - प्रात 09:00 बजे

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | | | बल्ली/डेंगरी/फेंसिंग (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | पुराना | योग | पुराना |
| 1 | सागौन | 0 | 173.419 | 173.419 | 39517 |
| 2 | साल | 935.213 | 1260.385 | 2195.598 | 1310 |
| 3 | बीजा | 46.837 | 75.571 | 122.408 | 0 |
| 4 | शीशम | 0 | 0.998 | 0.998 | 0 |
| 5 | तिन्सा | 0 | 2.097 | 2.097 | 0 |
| 6 | साजा | 7.947 | 140.313 | 148.26 | 565 |
| 7 | हल्दू | 24.685 | 64.507 | 89.192 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 0 | 36.767 | 36.767 | 0 |
| 9 | सलई | 0 | 2.602 | 2.602 | 0 |
| 10 | अन्य | 0 | 176.917 | 176.917 | 6391 |
| | योग | 1014.682 | 1933.576 | 2948.258 | 47783 |

जलाऊ चट्टा

| डिपो का नाम | नया | पुराना | योग |
|---|---|---|---|
| अस्थाई पड़ाव डिपो नाऊमुड़ा | 351 | 167 | 518 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो परसुली | 299 | 270 | 569 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो खम्हारीपारा | 0 | 406 | 406 |
| अस्थाई पड़ाव डिपो कोड़ोहरदी | 0 | 1118 | 1118 |
| योग :- | 650 | 1961 | 2611 |

बांस

| डिपो का नाम | नया | पुराना | योग |
|---|---|---|---|
| उपभोक्ता डिपो देवभोग | 0 | 2000 | 2000 |
| निस्तार डिपो धवलपुर | 0 | 1793 | 1793 |
| योग :- | 0 | 3793 | 3793 |

टीप :- (01) क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई-कॉर्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । (02) क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।(03) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करव सकते है।(04) e-Auction में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट क्रेताओं द्वारा 40 सेकेंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकेंड का समय प्राप्त होगा ।

वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद
G-252602548/5

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)
E-mail- modgmjab@mp.gov.in
क्रमांक / 769/ खनिज / 2025 दिनांक 23/07/2025
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए
प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक- मेसर्स शक्ति स्टोन क्रेशर प्रो. विपिन अग्रवाल पता- शॉप नं. 19, शिव विहार कॉम्पलेक्स, सांई मंदिर के सामने दमोह रोड़, जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा नवकरण कराने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन नवकरण आवेदन पत्र दिनांक 17/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते है।

आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | मानेगाँव | 53 | 1.400 | शासकीय भूमि | गिट्टी, बोल्डर, मुरूम, एमसैण्ड | |
| | | | कुल रकवा | 1.440 | | | |

(1) उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में आपत्तियां विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (एक माह ) कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।
(2) यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आपत्तीयां प्राप्त नहीं होती है तो आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत नवकरण स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा ।
(3) निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तीयों को विचार में नहीं लिया जायेगा ।

खनि अधिकारी
(खनिज शाखा )
जिला - जबलपुर (म. प्र. )
जी-16567/25
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID 2025_UAD_441211_1 PRO-397 Date 01/08/25 | संभाग क्र. 02 कछपुरा वीरेन्द्रपुरी वार्ड अंतर्गत पुरवा जैन मंदिर के बाजू से सी.सी. रोड निर्माण कार्य। पार्षद अनुशंसा मद | 03 माह 12.87 लाख | 2000 9652 | 12/08/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालाघाट 481001
दुरभाष/फेक्स कमांक 07632-241318/247101 ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com
क्रमांक/डे-एनयूएलएम / ग्रीन स्पेस पार्क /2025/4620 बालाघाट, दिनांक 01/08/2025

अभिरूचि के प्रदर्शन (Expration of Interest)

भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र क्र. 16011/1/2024 AMRUT दिनांक 07.02.2024 द्वारा अमृत 2.0 एवं डे-एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्व-सहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में चयन कर ग्रीन स्पेस पार्क (मुलना गार्डन. कालीपुतली गार्डन. इंदिरा बाल उद्यान) का संचालन एवं रखरखाव (O&M) कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न गैर-तकनीकी कार्य कराये जाने के विस्तृत दिशा-निर्देश एवं SOP निर्गत किये हैं।
भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को "अमृत मित्र" के रूप में (वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए) चयनित करने हेतु अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित "अभिरूचि का प्रदर्शन (Expration of Interest)" का प्रारूप निम्न अनुसार है-

आवेदनकर्ता के लिए जानकारी एवं मार्गदर्शन

आवेदनकर्ता को सलाह दी जाती है कि सम्पूर्ण EOI आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक पढ़कर समझ लें। आवेदनकर्ता को अपने आवेदन प्रस्ताव, निर्धारित प्रारूप में भरकर जमा करना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरण

अमृत 2.0 योजनांतर्गत प्रस्तावित उद्यानो के संचालन एवं संधारण का कार्य।

EOI आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित दिनांक निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | विवरण | प्रारंभ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EOI आवेदन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन | 01-08-2025 | 07-08-2025 |
| 2 | EOI सूचना का निकाय पटल पर प्रकाशन | 01-08-2025 | 07-08-2025 |
| 3 | कार्यालय से EOI आवेदन प्राप्त करना | 01-08-2025 | 07-08-2025 |
| 4 | पूर्णतः भरा हुआ EOI आवेदन जमा करना | 01-08-2025 | 07-08-2025 |
| 5 | EOI आवेदन एवं दस्तावेजों का परीक्षण | 08-08-2025 | 11-08-2025 |
| 6 | पात्र आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रण | 12-08-2025 | 12-08-2025 |
| 7 | चयनित आवेदकों की सूची प्रकाशित करना | 13-08-2025 | 13-08-2025 |
| 8 | चयनित आवेदकों को कार्यादेश जारी करना | 14-08-2025 | 14-08-2025 |

नोटः- 1. आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगे। 2. कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जावेगा। 3. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जावेंगे। 4. आवेदनकर्ता समूह EOI आवेदन प्रक्रिया में लगने वाले सभी व्यय स्वयं वहन करेगी। 5. आवेदनकर्ता समूह योजना में आवेदन करने एवं विस्तृत दिशा निर्देश हेतु निकाय की डे एनयूएलएम शाखा में आकर संपर्क कर सकते है। 6. आवेदन प्रस्ताव निर्धारित दिनांक के समय तक कार्यालयीन समय में केवल ऑफलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बालाघाट, जिला-बालाघाट

## खबर संक्षेप

### टोयोटा की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 32,575 इकाई

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जुलाई में बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 32,575 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल जुलाई में 31,656 इकाइयां बेची थीं। टीकेएम ने शुक्रवार को बयान में कहा कि जापानी वाहन विनिर्माता ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 29,159 इकाइयां बेचीं और 3,416 इकाइयों का निर्यात किया। टीकेएम के उपाध्यक्ष (बिक्री-सेवा-

### एमजी मोटर की बिक्री 46 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की जुलाई में बिक्री सालाना आधार पर 46 प्रतिशत बढ़कर 6,678 इकाई हो गई। कंपनी ने जुलाई 2024 में 4,575 वाहन बेचे थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार, जून तिमाही में कंपनी की थोक बिक्री सालाना आधार पर 64 प्रतिशत घटकर 3,153 इकाई रह गई। पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की थोक बिक्री 8,771 इकाई थी।

### 87.25 प्रति डॉलर पर पहुंचा रुपया

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 40 पैसे मजबूत होकर 87.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया 87.60 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 87.25 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर
कार्यालय पता-तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर दूरभाष 0761 (2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक /857/निविदा/ ग्रायांसेवा/2025 संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2025-26 जबलपुर, दिनांक 28/07/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी.ए.सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।(निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियाँ ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी ।) विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नरसिंहपुर | 2025_RES_440423_1 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य टाईप - 2, 03 नग- 1. ग्राम पंचायत खमरिया, 2. ग्राम पंचायत गोरखपुर, 3. ग्राम पंचायत सिंहपुर बड़ा। | नरसिंहपुर | 113341101.00 | 113500.00 | 12500.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 2 | नरसिंहपुर | 2025_RES_440425_1 | नवीनकरण कार्य शासकीय कृषि राघव उच्च माध्य. विद्यालय बोहानी | चावरपाठा | 7393760.00 | 74000.00 | 10000.00 | 370 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3 | नरसिंहपुर | 2025_RES_440428_1 | पंचायत भवन निर्माण कार्य मोहपानी | चीचली | 2844106.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | जबलपुर | 2025_RES_440431_1 | ग्राम भाटादीन घाट निर्माण कार्य जबलपुर | सिहोरा | 2866274.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | जबलपुर | 2025_RES_440433_1 | रेनोवेशन कार्य हाट बाजार बन कम्पनी के पास जबलपुर | जबलपुर | 2621704.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6 | जबलपुर | 2025_RES_440435_1 | झांसीघाट में खारीघाट (अंत्येष्टि घाट में विश्रामालाय निर्माण कार्य ) | जबलपुर | 2449478.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7 | जबलपुर | 2025_RES_440437_1 | ग्राम मंगेली क्षेत्र में रनिंग ट्रेक स्पोर्ट शेड का निर्माण कार्य | जबलपुर | 2881034.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 8 | जबलपुर | 2025_RES_440438_1 | नवीन पंचायत भवन निर्माण (क्लस्टर) ग्राम अगरिया, ग्राम पंचायत अगरिया | सिहोरा | 3562027.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 9 | बालाघाट | 2025_RES_440439_1 | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत देवरी से हटा मार्ग पर बाक्स कल्वर्ट सह मार्ग निर्माण | बालाघाट | 37555354.00 | 376000.00 | 15000.00 | 270 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |
| 10 | बालाघाट -1 | 2025_RES_440441_1 | ग्राम सर्रा से बैसाखटोला तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य- 1.75 कि.मी. आर. डी. 0 से 1750 मी. (भाग - 1 ), 2 कि.मी आर.डी. 1750 से 3750 मी. (भाग - 2), 1.80 कि.मी आर.डी. 3750 से 5550 मी. (भाग - 3 ), 0.65 कि.मी आर.डी. 5550 से 6200 मी. ( भाग - 4 ), 0.75 कि.मी आर.डी. 6200 से 6950 मी. ( भाग - 5 ), 0.90 कि.मी. आर. डी. 6950 से 7850 मी. (भाग - 6 ) | बालाघाट | 39619304.00 | 396200.00 | 15000.00 | 370 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 11 | बालाघाट -1 | 2025_RES_440443_1 | ग्राम राशिमेटा से झकोरदा तक बी. टी. सडक निर्माण कार्य- आर. डी. 0 से 1200 मी. (भाग - 1), आर.डी. 1200 से 1700 मी. (भाग - 2), आर.डी. 1700 से 3300 मी. (भाग - 3), आर. डी. 3300 से 4100 मी. (भाग - 4) | बिरसा | 27956733.00 | 279600.00 | 15000.00 | 370 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 12 | बालाघाट -2 | 2025_RES_440446_1 | कादला से बागडी बी. टी. सडक निर्माण कार्य- आर. डी. 0 से 800 मी. (भाग - 1), आर. डी. 800 से 1200 मी. (भाग-2), आर. डी. 1200 से 1700 मी. (भाग - 3), आर.डी. 1700 से 2300 मी. (भाग - 4), आर. डी. 2300 से 2700 मी. (भाग -5), आर. डी. 2700 से 3080 मी. (भाग - 6) | लांजी | 37469954.00 | 374700.00 | 15000.00 | 370 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1 Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date 06.08.2025 (11:00AM)
2 Technical Bid Submision End Date 14.08.2025 (06:00PM)
3 Bid Opening Date 18.08.2025 (11:00AM)

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर
G-16558/25
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056 Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 38/तक. 2025-26 दि-31.07.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441061-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के ब्लॉक नं. 03 में स्थित स्टोर में जाने हेतु लगी सीढ़ियों में रेलिंग में पेंटिंग का कार्य । | 1,56,244.00 (रुपए एक लाख छप्पन हजार दो सौ चौवालीस) | 3125.00 (रू. तीन हजार एक सौ पच्चीस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 39/तक. 2025-26 दि-31.07.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441063-1 | बरगी हिल्स कालोनी के मुख्य अभियंता कार्यालय में लगी 6" डाया सी.आई. पाइप लाइन का सुधार कार्य । | 83,264.00 (रुपए तेरासी हजार दो सौ चौसठ ) मात्र | 1670.00 (रू. एक हजार छः सौ सत्तर) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 40/तक. 2025-26 दि-31.07.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-441064-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. बांयी तट मुख्य नहर की सहपुरा वितरण नहर आर. डी. 0.20 किमी. से आर.डी. 11 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य | 2,54,115.00 (रुपए दो लाख चौवन हजार एक सौ पंद्रह) मात्र | 5082.00 (रू. पाँच हजार बयासी) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 4,93,623.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 20/08/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 20/08/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 22/08/2025, 10:30 से 22/08/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 22/08/2025, 10:31 से 22/08/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./याँ.) संभाग क्रमांक-2
बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)
G-16581/25
"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

चिंतन

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश

रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था
राजेश माहेश्वरी



# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नई गति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, 'बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं। यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजेक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई—डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। यह सूचकांक मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देशभर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं। यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो इससे रिमिटेंस में सुधार होगा, वित्तीय समावेशन में तेजी आएगी और डिजिटल भुगतान में वैश्विक तकनीकी अग्रणी के तौर पर भारत की छवि मजबूत होगी। भारत के डिजिटल भुगतान सशक्तिकरण ने न केवल आर्थिक लेनदेन को सरल बनाया है, बल्कि गरीब और पिछड़े वर्गों को भी वित्तीय दुनिया का हिस्सा बनाया है। यह डिजिटल इंडिया की सफलता की कहानी है, जो रोजाना करोड़ों नागरिकों की जिंदगी में सुधार लाकर भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

सटाका




आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – कुणाल सिंह ठाकुर

ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तिलक को श्रद्धांजलि




देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

करंट अफेयर

## रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया जबकि 100 से अधिक अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें घर, स्कूल, किंडरगार्टन, चिकित्सा सुविधाएं और विश्वविद्यालय शामिल हैं। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद नागरिक क्षेत्रों पर हमले बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित पश्चिमी नेताओं के आह्वान को नजरअंदाज करते हुए रूस ने हाल के महीनों में यूक्रेनी शहरों पर अपने हमलों को बढ़ा दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 5,100 से ज्यादा ग्लाइड बम, 3800 से ज्यादा ड्रोन और विभिन्न प्रकार की लगभग 260 मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से 128 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं।



ऑफ बीट

## नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग

**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है। यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता प्रोफेसर लौरा एलिन पिगॉट ने बताया, जब आपके कुत्ते के साथ आपकी आंख मिलती है तो उसे यह भांपने में चंद सेकेंड भी नहीं लगते है कि आपके भीतर कौन सी भावनाएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि आप अपने कुत्ते को देखकर खुश होते हैं तो इस खुशी के कारण भी आपके मस्तिष्क में प्रेम करने वाले हार्मोन अर्थात ऑक्सीटोसिन का स्राव होने लगता है। इस असाधारण मनोवैज्ञानिक बुद्धिमत्ता का आगाज मस्तिष्क से ही होता है। कुत्ते के दिमाग में चंद ऐसे क्षेत्र होते हैं जो मानव की तरह आवाजों को लेकर संवेदनशील होते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बॉर्डर पर चीन को कूटनीतिक जवाब

बीआरओ के 'प्रोजेक्ट दंतक' के तहत बनी है यह सड़क

# भूटान में डोकलाम के पास भारत ने बनाया स्ट्रैटेजिक रोड, हुआ उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भारत लगातार अपनी सीमाओं और पड़ोसी देशों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है, खासकर चीन के साथ सीमा पर। हाल ही में भारत ने भूटान के हा घाटी में एक खास सड़क बनाई है, जो डोकलाम के पास है। भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे त्शेरिंग ने 1 अगस्त 2025 को इस सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क न सिर्फ भूटान के लिए फायदेमंद है, बल्कि भारत के लिए भी रणनीतिक ताकत बढ़ाएगी। यह सड़क बीआरओ के 'प्रोजेक्ट दंतक' के तहत बनी है। प्रोजेक्ट दंतक 1960 के दशक से भूटान में काम कर रहा है और भूटान के विकास में बड़ा योगदान दे रहा है। इस सड़क में 5 नए पुल बनाए गए हैं, जो इसे हर मौसम में चलने लायक बनाते हैं। हाल ही में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भूटान का दौरा किया। हा घाटी की सड़क के बारे में जानकारी ली।

### इस सड़क के लाभ

बीआरओ के डीजीबीआर (निदेशक जनरल बॉर्डर रोड्स) लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन भी भूटान में हैं, जहां उन्होंने राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री तोबगे त्शेरिंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दंतक की भूटान के विकास में भूमिका की तारीफ की। 2017 के डोकलाम टकराव के बाद भूटान में सड़क निर्माण का काम तेज हो गया है। बीआरओ कई और प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है ताकि सीमा क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर हो सके।



### भारत-भूटान का रिश्ता और चीन का चैलेंज

भारत और भूटान के बीच गहरी दोस्ती है। भूटान भारत का पड़ोसी देश है। चीन के बढ़ते प्रभाव का सामना कर रहा है। 2017 में डोकलाम के दौरान भूटान ने भारत का साथ दिया था, जो इस दोस्ती की मिसाल है। भारत भूटान में सड़कें और बिजली जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है, ताकि दोनों देशों की साझा सुरक्षा मजबूत हो सके। चीन ने डोकलाम और आसपास के इलाकों में सड़कें और गांव बनाए हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। हा घाटी की सड़क भारत को यह मौका देती है कि वह अपनी सेना और संसाधनों को तेजी से तैनात कर सके, अगर चीन ने कोई कदम उठाया तो. यह सड़क भूटान की सेना के लिए भी चंबी घाटी तक पहुंच को आसान बनाएगी।

### ये है फायदे

- सैन्य फायदा: इस सड़क से भारतीय और भूटानी सेना को तेजी से गति मिलेगी, खासकर चीनी सीमा के पास
- लॉजिस्टिक्स: सैन्य सामान और आपूर्ति आसानी से पहुंचेगी
- पर्यटन और अर्थव्यवस्था: यहां घाटी एक खूबसूरत इलाका है यह सड़क पर्यटन को बढ़ावा देगी, जिससे भूटान की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी
- चीन के खिलाफ रणनीति: यह सड़क भारत को चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने में मदद करेगी

### यह सड़क क्यों खास है?

यह सड़क भूटान के हा घाटी को जोड़ती है, जो डोकलाम से सिर्फ 21 किलोमीटर दूर है। डोकलाम 2017 में भारत और चीन के बीच एक बड़े टकराव का गवाह रहा था। इस सड़क को बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने लगभग 254 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है।


### डोकलाम संकट

2017 का सबक

2017 में डोकलाम में एक बड़ा विवाद हुआ था। चीन ने जम्फेरी रिज तक सड़क बनाने की कोशिश की थी, जो भूटान और भारत के लिए खतरे की बात थी। भारतीय सेना ने इसका विरोध किया और 'ऑपरेशन जूनिपर' चलाया। भारतीय सैनिकों ने डोकलाम पहुंचकर चीनी सैनिकों को सड़क बनाने से रोका। 72 दिन तक चले इस टकराव के बाद चीन को पीछे हटना पड़ा।


## खबर संक्षेप

### प्रसिद्ध फुटबालर मेसी फिर आएंगे भारत, दिसंबर में तीन शहरों का दौरा



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे।

### संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाना जरूरी



**नागपुर।** नागपुर के कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मोहन भागवत पहुंचे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए। भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है।

### हिमाचल : भूस्खलन से दो एनएच सहित 317 सड़कें बाधित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन से कई इलाकों में सड़कें, बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। इससे लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। राज्य में शुक्रवार को दो एनएच सहित 317 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त 360 बिजली ट्रांसफार्मर व 259 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा 174 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर व कांगड़ा में 134 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। उधर, किरतपुर-मनाली फोरलेन पर समलेटू के पास भूस्खलन होने से बाधित हो गया।

विपक्ष ने जमकर काटा बवाल, फिर ठप हुई कार्यवाही

# बिहार में वोटर लिस्ट, संसद के भीतर-बाहर जमकर हंगामा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का मॉनसून सत्र बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के मुद्दे पर पूरी तरह से धुलता दिख रहा है। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़ दें तो संसद में कामकाज पूरी तरह से ठप है। शुक्रवार को लगातार नौवें दिन विपक्षी सांसदों ने सर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन किया। संसद के अंदर भी यह विरोध प्रदर्शन जारी रहा और कार्यवाही फिर ठप हो गई। मॉनसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी और शुक्रवार को सदन की कार्यवाही का 10वां दिन है। सदन में इस दौरान केवल दो दिन, मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल निर्बाध तरीके से पूरा चला। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी सांविधिक संकल्प को मंजूरी के अलावा अन्य कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका।

### खास बातें

- 21 जुलाई को हुई थी मॉनसून सत्र की शुरुआत
- 10 दिनों में केवल दो दिन प्रश्नकाल चला है निर्बाध
- विपक्ष इस मुद्दे पर कर रहा है चर्चा की मांग

### स्पीकर से मिले राहुल-प्रियंका

राज्यसभा में उप सभापति ने विपक्ष की चर्चा की मांग यह कहते हुए खारिज कर दी कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इस पर चर्चा संभव नहीं है। इस बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के बाकी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी सांसदों ने स्पीकर से संसद के दोनों सदनों में एसआईआर पर चर्चा करने की मांग की।

### सांसदों को रोकने राज्यसभा में कमांडो भड़की कांग्रेस

राज्यसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे जमकर गहमा-गहमी रही। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सदस्यों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास काला दिन है। पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा, 'हम इस बात से हैरान हैं कि जिस तरह से सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में लाया गया, यह बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है कि यह सीआईएसएफ है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। हमारी महिला सदस्यों को पुरुषों जवानों ने रोका। सब कुछ कैमरे में कैद है।

### रिजिजू ने दी सफाई

कांग्रेस के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे। सिर्फ उन्हें रोका गया था।

### लोकसभा में हंगामा, बिरला की नसीहत

लोकसभा में शुक्रवार को हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों को नसीहत देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए। शुक्रवार को भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। वे सदन में इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनके हंगामे के कारण बैठक कुछ ही मिनट में दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल नहीं चल सका। बैठक स्थगित करने की घोषणा से पहले अध्यक्ष बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, 'सदन की गरिमा को बनाकर रखिए। यह गलत तरीका, गलत आचरण और गलत व्यवहार है।'

17 हजार करोड़ के लोन फ्रॉड केस में हुई थी छापेमारी

# अनिल अंबानी को पूछताछ के लिए ईडी ने किया तलब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को कथित 17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड केस की चल रही जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तलब किया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने ईबताया कि उन्हें 5 अगस्त को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी ने अनिल अंबानी से जुड़ी व्यावसायिक संस्थाओं पर छापेमारी की थी। पिछले हफ्ते, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 50 व्यावसायिक संस्थाओं और 25 व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये छापे मुंबई में कम से कम 35 जगहों पर मारे गए थे. यह छापेमारी 24 जुलाई को कथित बैंक लोन फ्रॉड से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग केस के अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोपों के तहत की गई थी।

### सीबीआई ने दर्ज किए थे 2 एफआईआर

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दो एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने यह छापेमारी की। ईडी के सूत्रों ने पहले कहा था कि जांच मुख्य रूप से 2017-2019 के बीच अनिल अंबानी की कंपनियों को यस बैंक द्वारा दिए गए अवैध लोन डायवर्जन के आरोपों से संबंधित है। ईडी सूत्रों के मुताबिक अनिल की कंपनियों को लोन दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों को उनके व्यवसाय में धन प्राप्त हुआ था। एजेंसी रिश्वत और लोन के इस गठजोड़ की जांच कर रही है। जांच में कई अनियमितताएं पाई गईं।

### सेबी की रिपोर्ट में भी गंभीर आरोप

कई नियामक और वित्तीय निकायों ने अपने निष्कर्ष ईडी के साथ साझा किए हैं, जिनमें नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी), सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी), नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) और बैंक ऑफ बड़ौदा शामिल हैं। सेबी ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की कंपनी, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) में गंभीर अनियमितताओं को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट पेश की है।

# प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में सजा का आज होगा ऐलान

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

पूर्व सांसद और निलंबित जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने दोषी ठहराया। उसे चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है। बताया गया कि जब उसे दोषी ठहराया गया तब वो कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोया। मामले में विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट शनिवार को सजा की घोषणा करेंगे। मामला 48 साल की एक महिला से जुड़ा हुआ है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करती थी। 2021 में उसके साथ कथित तौर पर दो बार दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी किया।



जेडीएस संरक्षक देवेगौड़ा का पोता दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उनके खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा का पोता है।

### मामला कब समने आया?

मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए। प्रज्वल को पिछले साल 31 मई को जर्मनी से बंगलूरू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था।

### 2024 के लोकसभा चुनावों में झेली हार

रेवन्ना 2024 के लोकसभा चुनावों में हासन संसदीय क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रहा था। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उसे पार्टी से निलंबित कर दिया था।

गेमिंग आईडी से लिंक कर रखा था मां का डेबिड कार्ड

# ऑनलाइन गेम में 2800 हारने पर सातवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

एजेंसी ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर में अब मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम बच्चों की मौत की वजह भी बन रहे है। इंदौर में सातवीं कक्षा के छात्र ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली क्योंकि वह गेम में 2800 रुपये हार गया था। वह डर गया था कि जब परिजनों को यह बात पता चलेगी तो वह उसे डांटेगे। छात्र ने गेमिंग आईडी से अपनी मां का डेबिड कार्ड लिंक कर रखा था। हारी गई राशि कार्ड में से ही कटी थी। छात्र ने इस बात का इतना तनाव ले लिया कि उसने घर में फांसी लगा ली। अब उसके परिजन सदमे में है। छात्र



अक्सर मोबाइल पर गेम खेलता था। परिजन उसे मना भी करते थे, लेकिन उसे उसकी आदत लग चुकी थी।

**13 साल है बच्चे की उम्र :** पुलिस के अनुसार एमआईजी क्षेत्र के अनुराग नगर में रहने वाले 13 वर्षीय छात्र आकलन जैन दोपहर में दिखाई नहीं दिया तो दादा ने कमरे में जाकर देखा। वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने परिजनों को सूचना दी। आकलन को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाइ-फाई से जुड़ा था मोबाइल फोन

आकलन जिस मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था। उसमें सिमकार्ड नहीं थी। वह घर में लगे वाई फाई से जुड़ा था और छात्र मोबाइल में गेम डाउनलोड कर खेलता था। उसने अपनी मां अपूर्वा का डेबिड कार्ड मोबाइल से लिंक कर रखा था। गेम में पैसा गंवाने के बाद अपूर्वा के पास पैसे कटने का मैसेज भी गया था। छात्र को डर था कि 2800 रुपये की राशि कटने से परिजन नाराज होंगे। इसके चलते उसने फांसी लगा ली। आकलन के पिता की ग्वालटोली क्षेत्र में दुकान है। उनका आटो पार्ट्स बेचने का काम है।

बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या के चलते लोकल सरकार का फैसला

पर्यटकों के लिए लाया गया नया नियम

# पहाड़ों की रानी मसूरी जाने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने क्वीस ऑफ हील्स यानी मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग ने मसूरी में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ये नया नियम 30 जुलाई से लागू हो गया है। बताया जा रहा है कि मसूरी में तीन स्थानों- किमाड़ी, केंप्टी फॉल और कुठाल गेट पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं जो वाहनों की नंबर प्लेट को रिकॉर्ड करेंगे। ये सिस्टम ट्रैफिक प्रबंधन में मदद करेगा।

### लंबे पीक होता है पिक टाइम

उत्तराखंड के पर्यटन सचिव धीरज गर्ब्याल ने बताया कि मसूरी में पर्यटकों का आगमन खासतौर पर गर्मियों की छुट्टियों, सर्दियों की छुट्टियों और लंबे वीकेंड के दौरान पीक पर होता है। 'एनजीटी के आदेश के बाद हम मसूरी की वहन क्षमता का आकलन करने के लिए डेटा एकत्र कर रहे हैं। इस रजिस्ट्रेशन सिस्टम से हमें ये पता चलेगा कि एक वक्त में कितने पर्यटक मसूरी में मौजूद हैं।' अभी रजिस्ट्रेशन कंपलसरी नहीं है और इसे शुरुआती चरण में लचीला रखा गया है। होटल अपने गेस्टों के लिए भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।



### होटल, गेस्ट हाउस के मालिकों को दी जानकारी

वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडे ने बताया कि होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे और अन्य ऐसी सुविधाओं को पहले पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और चेक-इन के समय अपने मेहमानों का पंजीकरण करना होगा। उन्होंने बताया कि ये फैसला मसूरी में बढ़ती भीड़भाड़ और ट्रैफिक की समस्या से बचने की दिशा में लिया गया है। पांडे ने कहा कि नया नियम इसलिए लागू करना पड़ा है, क्योंकि 2022 और 2024 के बीच शहर में आने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस कदम से शहर में पर्यटकों की संख्या के बारे में वास्तविक वक्त का डेटा मिल सकेगा। होटल मालिकों को नए नियम का पालन करने के लिए कहा गया है।

### रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बेहद आसान है। पर्यटकों को पोर्टल **registrationtouristcare.uk.gov.in** पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसमें आधार कार्ड नंबर, वाहन (टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर) का विवरण और अपने शहर का नाम दर्ज करना होगा।

निमिषा मामले में सरकार ने मीडिया से कहा, अफवाह से रहें दूर

# फांसी की सजा पूरी तरह से रद्द करने वाली खबरें गलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि यमन में भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया की फांसी स्थगित कर दी गई है। हालांकि, यह भी साफ किया कि फांसी की सजा को पूरी तरह से रद्द किए जाने वाली खबरें गलत हैं। मंत्रालय ने जनता और मीडिया से इस मामले में प्रसारित हो रही अपुष्ट रिपोर्टों और गलत सूचनाओं से दूर रहने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार प्रिया और उसके परिवार को



हर संभव सहायता प्रदान कर रही है और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्थानीय अधिकारियों और मित्र सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। 'यह एक संवेदनशील मामला है। पहले 16 जुलाई को होने वाली फांसी को भारत सरकार के नेतृत्व में राजनयिक हस्तक्षेप और बातचीत के बाद स्थगित कर दिया गया था।

## आस्था, परंपरा, भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथि तो रहेगी, तो वहीं ग्रह-नक्षत्र बदलेंगे अपनी चाल

# रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव सहित कई बड़े तीज-त्योहारों के साथ हुआ अगस्त का आगमन

### धार्मिक दृष्टि से बेहद खास रहेगा कल से शुरू हुआ अगस्त का महीना

हरिभूमि, जबलपुर



अगस्त माह की शुरुआत हो गई। यह माह धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद खास है। इस दौरान रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी (गणेश उत्सव) जैसे महत्वपूर्ण पर्व श्रद्धा से मनाए जाएंगे। पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि अगस्त का महीना हर वर्ष की तरह इस बार भी धार्मिक दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथि तो रहेगी, तो वहीं कई ग्रह-नक्षत्र अपनी चल बदलेंगे। इसके चलते कई जातकों की राशियों पर असर देखने को मिलेगा। इस माह में विशेष रूप से भगवान शिव, श्रीकृष्ण और श्रीगणेश से जुड़े पर्व जैसे सावन का अंतिम सोमवार, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और राधा अष्टमी सहित कई तीज-त्योहार रहेंगे।

**अगस्त में यह रहेंगे व्रत-त्योहार**

4 अगस्त - सावन का चौथा सोमवार
5 अगस्त - चौथा मंगला गौरी व्रत, पुत्रदा एकादशी, दामोदर द्वादशी
6 अगस्त - बुध प्रदोष व्रत
9 अगस्त - रक्षाबंधन, गायत्री जयंती, संस्कृत दिवस, सावन पूर्णिमा व्रत
10 अगस्त - भाद्रपद प्रारंभ, गायत्री जापम
12 अगस्त - कजरी तीज, बहुला चतुर्थी
14 अगस्त - बलराम जयंती, रांधण छठ
15 अगस्त - शीतला सप्तमी
16 अगस्त - कृष्ण जन्माष्टमी, दही हांडी
17 अगस्त - सूर्य गोचर, मलयालम नव वर्ष
19 अगस्त - अजा एकादशी
20 अगस्त - बुध प्रदोष व्रत
21 अगस्त - मासिक शिवरात्रि
22 अगस्त - अमावस्या
23 अगस्त -भाद्रपद अमावस्या
27 अगस्त - गणेश चतुर्थी, विनायक चतुर्थी
28 अगस्त - ऋषि पंचमी, संवत्सरी पर्व
30 अगस्त - ललिता सप्तमी
31 अगस्त - राधा अष्टमी, महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ

अगस्त में ग्रह होंगे गोचर
9 अगस्त - कर्क राशि में बुध ग्रह का उदय
11 अगस्त - कर्क राशि में बुध ग्रह मार्गी
17 अगस्त -सिंह राशि में सूर्य ग्रह का गोचर
21 अगस्त - कर्क राशि में शुक्र ग्रह का गोचर
29 अगस्त - कर्क राशि में बुध ग्रह अस्त
30 अगस्त- सिंह राशि में बुध ग्रह का गोचर



# केंट के महर्षि सुदर्शन वार्ड की मुख्य सड़क का पुनः निर्माण कराया जाए : जिला कांग्रेस

**जबलपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि केंट विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 64 महर्षि सुदर्शन वार्ड में किशन होटल के सामने से बजरंग नगर से वीएफजे स्टेट की ओर जाने वाली नवनिर्मित सड़क बरसात में पूरी तरह बह गई है, जिससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम महापौर एवं क्षेत्रीय विधायक से मांग की है कि इस मार्ग का अतिशीघ्र पुनः निर्माण कराया जाए। शहर जिला कांग्रेस कमेटी आदिवासी विभाग के अध्यक्ष धीरेन्द्र संजू ठाकुर, विष्णु बर्मन, निर्मलचंद जैन, सोनू गुप्ता, जग्गू विश्वकर्मा, गोविंद चौधरी, राजेन्द्र बैरागी, विजेन्द्र तिवारी सहित अन्य ने मांग की है कि उक्त सड़क का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।


# पं. लज्जा शंकर झा विद्यालय में हुआ स्वर्ण पदक वितरण समारोह



**जबलपुर।** पं. ल.शं. झा उमा उत्कृष्टा विद्यालय में विद्यालय के संस्थापक स्व. पं. लज्जाशंकर झा की 52वीं जयंती अवसर पर विद्यालय में हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में प्रदेश एवं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्वर्ण पदक एवं छात्रवृत्तियां विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविन्द्र आनंद (मॉडेलियन 1964) अभिषेक गहलोत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जबलपुर, घनश्याम सोनी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर एवं प्राचार्य उपमा गुप्ता ने इस अवसर पर पदक पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आरंभ श्रवण शंकर झा पूर्व न्यायाधीश मप्र उच्च न्यायालय एवं डॉ. निखिलेश निगम स्वर्ण पदक वितरण समिति अध्यक्ष ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से किया। विद्यालय के पूर्व छात्रों (मॉडेलियन 1990) द्वारा विद्यालय की छात्रा शाइजा फातिमा को हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने पर 25000 रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक कौशल किशोर चौबे ने किया। शिक्षक एवं शिक्षिका श्रीमती बैजयंती चौकसे, अर्चना मिश्रा, जितेन्द्र कुमार वैद्य, सतीश कुमार उपाध्याय, कीरत सिंह कौरव, आनंद रैकवार, ज्योति शुक्ला, आरती तिवारी, भारती मालपाणी, विवेक कुमार जैन, रामस्वरूप पटेल, पूजा वर्मा, अलका जैन, अंजना राणा, शिवांगी दुबे, जीएस ठाकुर एवं सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# सुरेंद्र कुमार जैन की मरणोपरांत नेत्र दान की इच्छा पूर्ण की

**जबलपुर।** बल्देवबाग निवासी सुरेंद्र कुमार जैन (खोवा वाले) का शुक्रवार को निधन हो गया। मरणोपरांत नेत्रदान की उनकी इच्छा को उनके पुत्र नितिन जैन ने पूरा किया। उन्होंने सुरेंद्र कुमार की मृत्यु के पश्चात पीयूष जैन के माध्यम से नेत्रदान के लिए दादा वीरेंद्र पुरी नेत्र बैंक में डॉ. पवन स्थापक से संपर्क किया। दादा वीरेंद्र पुरी नेत्र बैंक की टीम के दीपक यादव ने घर जाकर उनके दोनों नेत्रों को संग्रहित और सुरक्षित किया। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि सुरेंद्र कुमार के नेत्रों से पन्ना निवासी और बनखेड़ी निवासी दो युवतियों को अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा के माध्यम से जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोल बाजार में नेत्र प्रत्यारोपित किये जायेंगे। इस प्रक्रिया में पीयूष जैन, प्रशांत नगाइच एवं सक्षम की टीम का सहयोग रहा। सुरेंद्र कुमार जैन के नेत्रदान के शुभ संकल्प से दो लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त होगी।



# स्काउट एंड गाइड ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जिला संघ जबलपुर द्वारा सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी, सचिव व्ही.के. झारिया एवं राहुल राजपूत क्लैप डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर, के निर्देशानुसार यश नर्सरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल अधारताल में "स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं" थीम पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति विषय पर ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने चित्रों और प्रभावशाली नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाया तथा समाज को नशामुक्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समुदाय को एक स्वस्थ, नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में बनाए गए चित्रों और नारों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधक बनता है। स्काउट-गाइड्स ने नशे से दूर रहने और जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। इस आयोजन ने छात्रों को सामाजिक चेतना और जागरूकता फैलाने की भावना को भी प्रबल किया। कार्यक्रम में गाइड कैप्टन किरण येवले, अंकिता तिवारी, पूजा श्रीवास, रीना कोरी, रिंकू शाह का सहयोग रहा।



# चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं : अशोकानंदजी

**जबलपुर।** चालीसा व्रत महोत्सव पर विशेष पूजन अर्चन, सिर पर भगवान झूलेलाल की बहराणा दीप, अक्षत, सिन्दूर, से सजी थालियां रखकर शुक्रवार को सैकड़ों सिन्धी धर्मावलंबियों ने अक्खा पूजा में हिस्सा लिया। अवसर था पारम्परिक पंजड़ा भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते महिला-पुरूष के अक्खा पूजा, थाली पूजा, बहराणा साहब की पूजा, जल ज्योति की पूजा के विशेष पर्व आयोजन का। श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में आज सुबह से भक्तिमयी छटा बिखरने लगी। मंदिर परिसर में आज पारम्परिक पूजन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। पूजन को भव्यता प्रदान करने के लिये पंजड़ा भक्ति गीतों की धुन पर सैकड़ों श्रद्धालु झूमते-नाचते भगवान झूलेलाल की परिक्रमा करते चल रहे थे। इस बीच पुरूषों का चाचर नृत्य और दीपदान का आयोजन भी हुआ, सुबह इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदांत शर्मा के सानिध्य में हुआ।इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी अशोकानंद महाराज महंत (भक्तिधाम) ग्वारीघाट ने कहा कि धर्म मनुष्य का सच्चा साथी है, परलोक में भी साथ नहीं छोड़ता, यही समय है जब धर्म का संयम कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी से शरीर और कपड़ा साफ किया जाता है उसी प्रकार ज्ञान और प्रभु भक्ति तथा आराधना से अंतर्रात्मा की शुद्धि की जाती है। चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं।



# शिव महापुराण कथा में भगवान शिव की बारात निकाली गई

**जबलपुर।** श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दुर्गानगर रामपुर में श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 28 जुलाई से जारी है। आयोजक ओमप्रकाश महावर ने बताया कि 06 अगस्त तक चलने वाली कथा में व्यासपीठ से पं. रूपनारायण शास्त्री अपनी रसमयी वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। आज 01 अगस्त को भगवान शिव की बारात निकाली गई जो दुर्गानगर से प्रारंभ होकर रामनगर, पटेल मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला, आजाद चौक, यादव मोहल्ला से होते हुए आयोजन स्थल दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती नर्मदा महावर व विनोद-गीता महावर हैं। कार्यक्रम में उदित ठाकुर, आशु पासी, भूरा यादव, राजू बर्मन, शुभम सोनी, ऋषभ चौधरी, लल्ला प्रजापति, अन्नू सोंधिया सहित अन्य शामिल रहे।

# "कहानी और विचारों से सजी प्रेमचंद जयंती"



**जबलपुर।** श्री जानकीरमण महाविद्यालय एवं नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती के अवसर पर एक कहानी पाठ एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. आनंद सिंह राणा, रंग निर्देशक संजय गर्ग तथा वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

अपने वक्तव्य में डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद केवल साहित्यकार नहीं, भारतीय समाज की आत्मा के चितेरे थे। उन्होंने कलम से वह कार्य किया, जो तलवार भी नहीं कर पाती। उनके शब्दों में किसान की पीड़ा, मजदूर का संघर्ष, स्त्री की व्यथा और मनुष्य की जिजीविषा सभी कुछ प्रतिध्वनित होती है। इस अवसर पर प्रो. गंगाधर त्रिपाठी, पराग तेलंग, मानसी सोनी, मुकेश श्रीवास्तव, मानसी गौतम, शिखा शर्मा, राखी बाजपेई, शिवानी रैकवार सहित शहर के कई साहित्यप्रेमी, रंगकर्मी, छात्र एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने प्रेमचंद की कालजयी दृष्टि का पुनः स्मरण करते हुए, साहित्य और समाज के संबंध को नवीन दृष्टिकोण प्रदान किया।

# "संविधान से समाधान" कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं और वालेंटियर द्वारा 28, 29, 30 जुलाई को "संविधान से समाधान" कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नागरिक अधिकार मंच के 13 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक "वी द पीपल्स अभियान" नई दिल्ली से इशिता, मोबेस्सिरा खानम और जेपी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों द्वारा बहुत ही सरल भाषा में प्रतिभागियों को गतिविधि और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से मौलिक अधिकार और इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए अनुच्छेदों और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के बारे में जानकारी प्रदान की गई और बताया गया कि अनुच्छेद 21 (प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार) समुदाय की अधिकांश समस्याओं का हल है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूजा भुर्रक, विकास खोबरागड़े, शुभम चौधरी, अभिषेक चौधरी, कौशल कबीर, अंजलीना सालोमन, अभय चौधरी, ईशा चौधरी, कविता चौधरी, शालू कोल, इशिका सैनी, पूनम चौधरी और अनामिका रैदास सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक अधिकारियों को स्कार्फ पहनाकर मनाया स्कार्फ दिवस



**जबलपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड्स, जिला संघ जबलपुर द्वारा स्कार्फ दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस स्काउटिंग और गाइडिंग की पहचान, समर्पण तथा सेवा भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड्स द्वारा नगर के सम्मानित अधिकारियों, कलेक्टर दीपक सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मीसा सिंग, एसपी सम्पत उपाध्याय, एडिशनल एसपी सूर्यकान्त शर्मा, सहायक संचालक जेडी, डाइट प्राचार्य अजय दुबे सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को स्कार्फ पहनाकर स्काउटिंग की भावना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एंड गाइड जबलपुर डॉ. विजयकांत तिवारी ने सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला संरक्षक अजय तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। इनके मार्गदर्शन में जिला संघ के स्काउट दल ने स्कार्फ दिवस की महत्ता बताते हुए उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पूर्व सचिव डी.के. भट्ट, सचिव व्ही.के. झारिया, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी, जिला कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, दीपक नामदेव एवं किरण येवले सहित अनेक स्काउट्स एवं गाइड्स सदस्य मौजूद रहे। सभी ने स्काउटिंग के आदर्श वाक्य "सेवा ही धर्म है" को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टी. में मना स्वच्छता महोत्सव



**जबलपुर।** "स्वच्छ मन में ही स्वच्छ विचारों की उत्पत्ति होती है, यदि हम सभी अपने आसपास के वातावरण को साफ रखते हैं, तो गंदगी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचकर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं, इसलिए हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें।" उक्ताशय के विचार एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। अवसर था संस्था में आयोजित स्वच्छता महोत्सव का। महोत्सव में संस्था के प्रत्येक कर्मचारी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई कि हम सभी स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए गंदगी नहीं करेंगे, न ही किसी को करने देंगे एवं घर-आंगन को स्वच्छ रखेंगे। सभी से स्वच्छता का शपथ पत्र भी भराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई बोर्ड प्राचार्य मुकेश चौरसिया, को-आर्डिनेटर जतिन कोहली सहित पार्षद अमरचंद बावरिया, आशिमा लाल, शर्मिला चतुर्वेदी, सिद्धिका उस्मानी, दिलीप कोरी, शिम्पी सिंह सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संत रविदास विचार मंच की सभा कल

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा 03 अगस्त को मध्यान्ह 12.30 बजे से दमोहनाका गोहलपुर रोड स्थित मीना चौधरी के निवास पर आयोजित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद एवं राष्ट्रीय सचिव रामसिपाही सेठ होंगे। उपस्थिति की अपील सागर प्रसाद चौधरी, बृजलाल चौधरी, कमल चौधरी, ओमनाथ, मीनाबाई, श्यामाबाई, गुड्डीबाई, रामबाई, सियाबाई, रामकली, छोटीबाई आदि ने की है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 01/08/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रमिला इंगोले सूर्यवंशी पति स्व. श्री पी. आर. सूर्यवंशी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक MIG-61 1641 गोविंद भवन सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000398873 पर निर्मित भूतल 945 वर्गफुट RCC, 100 वर्गफुट (सीमेन्ट शीट) मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. श्री पी. आर. सूर्यवंशी पिता स्व. श्री देवी प्रसाद सूर्यवंशी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगरनिगम, जबलपुर मेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 31/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति ऐंटोनेट फर्नाडिस पति स्व. श्री फ्रांसिस फर्नाडिस ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 60 मां नर्मदा सिटी होम्स सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004034127 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 690 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 590 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 590 वर्गफुट RCC, मृत्यु प्रमाण पत्र/शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्जस्व. श्री फ्रांसिस फर्नाडिस पिता स्व. डी. फर्नाडिस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 01/08/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति वर्षा मूलचंदानी पति श्री अर्जुनदास मूलचंदानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. A-14 स्वर्ण भूमि चग्गर फार्म सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000033418 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1744 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मुकेश कुमार पिता श्री नन्दलाल प्रसाद सिन्हा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 31/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति कविता खत्री पति श्री सुरेश खत्री ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 158A(प्लाट नं.) सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386598 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 625 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 500 वर्गफुट RCC, प्रथम तल 500 वर्गफुट RCC, विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पिता श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगरनिगम, जबलपुर मेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 01/08/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मीरा गौतम पति श्री पुण्डरीक चंद्र, श्री पुण्डरीक चंद्र पिता श्री हरी लाल ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी के भवन क्रमांक प्लाट नं. प्लाट नं. A-89 प्रियदर्शनी कालोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000020436 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड 1500 वर्गफुट विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीममि सुनीता विश्वकर्मा पति श्री गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगरनिगम, जबलपुर मेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 1/7/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम महाजन पिता श्री भगवान दास चौकसे ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक लोबर ड्यूप्लेक्स यूनिट नं. बी-48 अनूप विहार सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000381759 जिस पर निर्मित भूतल 860 वर्गफुट RCC, प्रथमतल 860 वर्गफुट RCC, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रणबीर सिंह सनहोत्रा पिता श्री स्वर्ण सिंह सनहोत्रा, श्रीमति हरविंदर कौर सनहोत्रा पति श्री रणबीर सिंह सनहोत्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर
पत्रांक/सं. क्र.-03/एम 25-26/137 दिनांक 01/08/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अतुल पारे पिता श्री रविशंकर पारे द्वारा कमल नगर के भवन क्रमांक 57/2 वार्ड ग्वारीघाट प्लाट 1140 व.फु. भूतल 744 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. 57/2 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्रीमति उषा पारे के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

## भारतीय उद्योग व्यापार की कल होगी बैठक

# जीएसटी आसान बनाने, ई-कॉमर्स ट्रंप टैरिफ पर व्यापारी करेंगे 'मंथन'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कारोबारियों के प्रमुख संगठनों में से एक भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 3 अगस्त को 44 वें स्थापना दिवस पर व्यापारी दिवस मनाने जा रहा है। इस दिन देश भर से जुटने वाले कारोबारी जीएसटी सरलीकरण, ई-कॉमर्स, ट्रंप टैरिफ जैसे विभिन्न कारोबारी मुद्दों पर करेंगे। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय कानून व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय सड़क परिवहन और कॉरपोरेट मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा शामिल हो सकते हैं।

## जीएसटी आसान बनाने और ई-कॉमर्स पर अंकुश की मांग

मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम में कारोबारी जीएसटी, ई-कॉमर्स, ट्रंप टैरिफ समेत विभिन्न कारोबारी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को अब जीएसटी का सरलीकरण कर तीन ही श्रेणियां रखनी चाहिए। शून्य श्रेणी में सभी खाद्य पदार्थों को रखा जाए चाहे उनका वजन या पैकिंग कुछ भी हो। बाकी दो श्रेणियां 5 और 18 फीसदी की होनी चाहिए। गुप्ता ने कहा कि अमेरिका द्वारा 25 फीसदी टैरिफ लगाने से भी कारोबारी चिंतित है। इस पर भी इस कार्यक्रम में चर्चा की जाएगी कि कैसे इसका सामना किया जाए और कैसे अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में कारोबार के अवसर तलाशे जाएं? मंडल के वरिष्ठ महासचिव हेमंत गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स से छोटे कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ये एमआरपी से कम कीमत पर उत्पाद बेच रहे हैं। इसलिए ई-कॉमर्स के गलत कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए बैंक व बीमा क्षेत्र की तर्ज पर एक नियामक नियुक्त किया जाए।

## मेघालय पाइन एप्पल फेस्टिवल 2025 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेघालय पाइनएप्पल फेस्टिवल, 2025, अपने तीसरे संस्करण के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बार फिर लौटा। यह पर्व न केवल मेघालय की कृषि सफलता का उत्सव है, बल्कि भारत के किसानों के उज्ज्वल भविष्य की झलक भी है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया, जिनके साथ मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा तथा भारत सरकार और मेघालय सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चौहान ने कहाकि दिल्ली की हवाओं में मेघालय की महक महसूस की जा रही है। यहां की फिजाएं आज मेघालय के अनानास से सराबोर हैं। मुझे पहले से पता था कि मेघालय में बहुत अच्छा अनानास होता है, लेकिन जब आज मैंने खाया, तो खाता ही रह गया। ऐसा रस और ऐसी मिठास मैंने किसी अनानास में नहीं देखी। मैं भारत सरकार की ओर से यह भरोसा देता हूं कि जब भी मेघालय से आवाज आएगी, भारत सरकार और कृषि मंत्रालय हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

# अमेरिकी शुल्क की चिंता में बाजार दूसरे दिन भी गिरा सेंसेक्स 586 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद
- निफ्टी 203 अंक गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद

अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.01 अंक तक टूटकर 80,495.57 के निचले स्तर तक आ गया था।

*सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूटा : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 203 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूट गया।*

### यूरोपीय बाजार में गिरावट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत समेत लगभग 70 देशों से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की घोषणा की गई। यह नया शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 5,588.91 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।

# बढ़ी हुई क्रय दर से 'सांची' दुग्ध उत्पादकों के घर-परिवार में आई 'खुशियों की बहार'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल





मध्यप्रदेश स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध 6 दुग्ध संघ भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और बुंदेलखंड दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से बढ़ी हुई क्रय दर से दूध क्रय किए जाने से 'सांची' दुग्ध उत्पादकों के घर-परिवार में खुशियों की बहार आ गई है। गौरतलब है कि एमपीसीडीएफ और संबद्ध दुग्ध संघों का संचालन राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा सम्भालने के बाद से दूध क्रय दरों में वृद्धियां की गई है, इस वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ सभी पशुपालकों को भी मिल सकेगा। इतना ही नहीं बढ़ी हुई दर से दूध क्रय करने का नियमित भुगतान भी माह में तीन बार निर्धारित तिथियों में किया जा रहा है।

### दूध क्रय दर वृद्धि सराहनीय कदम

*त्यौहारों के दृष्टिगत दुग्ध उत्पादकों को लाभांवित करने उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा रूपए 800 प्रति किग्रा फैट (दूसरी बार वृद्धि), ग्वालियर दुग्ध संघ द्वारा रूपए 820 प्रति किग्रा फैट (तीसरी बार वृद्धि), बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ द्वारा रूपए 820 प्रति किग्रा फैट (दूसरी बार वृद्धि) की गई है। इसके पहले अन्य दुग्ध संघों यथा भोपाल, जबलपुर, इंदौर में वृद्धि कर दुग्ध उत्पादकों को लाभांवित करने का सराहनीय कदम उठाया गया था।*

## नया मोड़ ला सकते हैं 9 कैरेट वाले सोने के गहने

# आसमान छूती कीमतों के बीच बीएसआई का निर्णय उपभोक्ता के लिए साबित होगा किफायती



**जबलपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीएसआई) द्वारा 9 कैरेट सोने को अनिवार्य हॉलमार्किंग प्रणाली में शामिल किए जाने के निर्णय उपभोक्ता हित में सार्थक और दूरदर्शी कदम है। यह कदम देश के आभूषण बाजार में एक नई गहमागहमी उत्पन्न करेंगी। सराफा व्यापारी संतोष सोनी ने कहा कि 24 और 22 कैरेट सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच यह निर्णय आम उपभोक्ता को किफायती विकल्प उपलब्ध कराएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नकली या मिश्रित धातु वाले गहनों पर रोक लगेगी।

### ग्राहकों के लिए क्या बदलेगा

*बीआईएस के अनुसार ग्राहकों को अब कम कीमत में हॉलमार्क युक्त गहनों का विकल्प मिलेगा। यह बाजार में नकली या निम्न-गुणवत्ता के आभूषणों की संख्या में कमी लाएगा। साथ ही, खुले बाजार में गैर-कानूनी गहनों की बिक्री पर रोक लगाएगा।*

### ज्वेलर्स के लिए नई संभावनाएं

*सराफा व्यापारी सुभाष बिलैया ने कहा कि अब हम 9 कैरेट में हल्के डिजाइन और वॉल्यूम-आधारित कलेक्शन पर काम कर सकते हैं। ई-कॉमर्स मंचों पर भी लो-कॉस्ट हॉलमार्क गहनों का ट्रेंड बढ़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र को नई गतिशीलता मिलेगी। सरकार ने 9 कैरेट सोने के आभूषणों के प्रमाणन के तरीके में और भी बड़े बदलाव किए हैं। अब 9 ग्राम सोने पर भी आधिकारिक हॉल मार्किंग मिल सकेगी। इसका मतलब है कि सस्ते सोने के आभूषण भी गुणवत्ता की गारंटी के साथ मिलेंगे।*

## शांति गोल्ड इंटरनेशनल का शेयर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषण विनिर्माता कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल का शेयर अपने निर्गम मूल्य 199 रुपए से 15 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 229.10 रुपए पर शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 15.12 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। एनएसई पर यह 14.34 प्रतिशत बढ़त के साथ 227.55 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,679.84 करोड़ रुपए रहा। बोली के अंतिम दिन 80.80 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने अपने 360 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए 189 से 199 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल जयपुर में एक इकाई स्थापित करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने, कर्ज भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित शांति गोल्ड विभिन्न प्रकार के स्वर्ण आभूषणों के 'डिजाइन' तैयार करने और उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है।





## महिंद्रा एंड महिंद्रा की वाहन बिक्री बढ़ी, हुई 83,691 इकाई



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की जुलाई में कुल बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 83,691 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 66,444 इकाई थी। मुंबई स्थित वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि यूटिलिटी वाहन खंड में उसने घरेलू बाजार में 49,871 इकाइयां बेचीं, जो पिछले साल जुलाई में बेची गईं 41,623 इकाइयों की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) के मोटर वाहन खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि हाल ही में पेश की गई एक्सयूवी 3एक्सओ आरईवीएक्स श्रृंखला और बीई 6 तथा एक्सईवी 9ई मॉडल की आपूर्ति शुरू होने से बिक्री को समर्थन मिला। कंपनी ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी ट्रैक्टर बिक्री पिछले महीने पांच प्रतिशत बढ़कर 26,990 इकाई रही, जबकि जुलाई 2024 में यह 25,587 इकाई थी। कुल ट्रैक्टर बिक्री (घरेलू व निर्यात) 28,708 इकाई रही, जो जुलाई 2024 में 27,209 इकाई रही थी।

# कनाडा से आने वाले सामान होंगे महंगे, शुल्क में 10 प्रतिशत का तेजी

- शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर हुआ 35 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से अमेरिकी आयात पर शुल्क दर को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। यह शुल्क शुक्रवार से प्रभावी होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से की गई घोषणा में कहा गया कि कनाडा ' तस्करों, खुलेआम घूम रहे अपराधियों की गिरफ्तारी और अवैध मादक पदार्थों की जब्ती की दिशा में अधिक कदम उठाने में विफल रहा है। ' ट्रंप ने पहले धमकी दी थी कि यदि शुक्रवार तक कोई समझौता नहीं हुआ तो वह कनाडा पर उच्च शुल्क लगा देंगे।

कई देशों के साथ व्यापार समझौते करने की समय सीमा एक अगस्त तय की गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अन्य देशों पर शुल्क दरों की अद्यतन सूची में कनाडा को शामिल नहीं किया गया है।

## अशोक लेलैंड की बिक्री में 8 % वृद्धि

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की जुलाई में कुल बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 15,064 इकाई हो गई। चेन्नई स्थित इस कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि जुलाई 2024 में उसने कुल 13,928 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बताया कि जुलाई में घरेलू बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 13,501 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 12,926 इकाई थी।

## अंतरराष्ट्रीय दरों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप यह कदम उठाया गया

# एलपीजी सिलेंडर 33.50 रु. सस्ते, एटीएफ की कीमत में बढ़ोत्तरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में शुक्रवार को तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 33.50 रुपए कम कर दी गई। अंतरराष्ट्रीय मानक दरों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप यह कदम उठाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी स्थित देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत 2,677.88 रुपए प्रति किलोलीटर या 2.9 प्रतिशत बढ़कर 92,021.93 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। यह बढ़ोतरी पिछले महीने 7.5 प्रतिशत (6,271.5 रुपये प्रति किलोलीटर) की भारी बढ़ोतरी के बाद हुई है, जिससे एयरलाइंस की परिचालन लागत बढ़ गई थी।



### इस वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइंस पर बोझ बढ़ेगा

जुलाई में यह बढ़ोतरी अप्रैल से शुरू हुई तीन मासिक कटौतियों के बाद हुई थी। इन तीनों कटौतियों में कुल मिलाकर कीमतों में 12,239.17 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती हुई थी। इसके बाद की बढ़ोतरी (8,949.38 रुपए प्रति किलोलीटर) ने लगभग तीन-चौथाई कीमतों में कमी के लाभ को खत्म कर दिया है। एटीएफ की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक तनाव और व्यापार युद्धों के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में आई तेजी के अनुरूप है। इस वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइंस पर बोझ बढ़ेगा, जिनकी परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है। मूल्य वृद्धि के प्रभाव पर एयरलाइनों से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### कीमतों में लगातार पांचवीं कटौती

इसके साथ ही, तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 33.50 रुपए की कटौती की है। राष्ट्रीय राजधानी में अब वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमत 1,631.50 रुपए है। वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमतों में यह लगातार पांचवीं कटौती है। पिछली बार एक जुलाई को 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में 58.5 रुपए की कटौती की गई थी। इससे पहले, एक जून को कीमतों में 24 रुपये, एक मई को 14.50 रुपए और एक अप्रैल को 41 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी। कुल मिलाकर, अप्रैल से अब तक कीमतों में 171.5 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की जा चुकी है। जहां तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, वहीं गर्मियों के महीनों में कम मांग के कारण मानक एलपीजी की कीमतों में नरमी आई है। वैट सहित स्थानीय करों के प्रभाव के आधार पर, एटीएफ और एलपीजी की कीमतें अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होती हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 853 रुपए पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

**आवश्यकता**

सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10वीं +12वीं) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें- 9685327774 (रायपुर /02/अगस्त 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह का विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।




# गोदरेज प्रॉपर्टीज का लाभ 15 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 598.40 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 518.8 करोड़ रुपए रहा था। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में हालांकि कुल आय घटकर 1,620.34 करोड़ रुपए रह गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1,699.48 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान मुंबई स्थित गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 6,967.05 करोड़ रुपए की कुल आय पर 1,389.23 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मो. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5946



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा,कारपेट-3
9. किनारा,छोर-2
10. झगड़ा,कहासुनी-4
11. समय,वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र,स्वदेश-2
15. पुत्र,लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र,व्यवहार-2,3
25. जीव,दूत,जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत,जोश,बल-2
29. कराह,टीस,लालसा-3
30. वहम,संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा,घास-2
36. चोंगा,गाऊन-3
37. सफर,जात्रा-2
38. दयालु,कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी,मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला,श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल,पत्ता-2
18. रुखसार,कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़,योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच,नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त,मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5945 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5956

★★★ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5955 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |




# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

लाइफ Style

# मृणाल



## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




# माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके $3,400- $4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा $8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



# साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर

**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



# पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



# तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

# बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी



मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

# धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

# अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा।

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।





### चीफ ऑफ वॉर


18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

# मकाऊ ओपन : कड़े मुकाबलों में जीत के बाद लक्ष्य और मन्नेपल्ली ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

एजेंसी ▸▸| मकाऊ

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी।


## मन्नेपल्ली की अगली टक्कर मलेशिया के होह से



अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

## मन्नेपल्ली आठ साल की उम्र से खेल रहे बैडमिंटन

मन्नेपल्ली ने आठ साल की उम्र में तेलंगाना के खम्मम में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। दसवीं कक्षा के बाद वह हैदराबाद आ गए थे। लक्ष्य को विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज चेन को हराने में काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करके 9-4 और फिर 15-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करके मुकाबले को निर्णायक गेम तक खिंचा। लक्ष्य ने तीसरे गेम में फिर दबाव बनाया और 7-1 की बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर खत्म

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के चूंग होन जियान और हेकल मुहम्मद से 14-21, 21-13, 20-22 से हारकर बाहर हो गई। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में हू ने जोरदार खेल दिखाया और 6-2 से आगे होने के बाद दबदबा बनाए रखा और अपनी बढ़त को 15-6 तक पहुंचाकर जल्द ही गेम अपने नाम कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 5-0 की बढ़त बना ली और 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन अंक गंवा दिए। मन्नेपल्ली ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और हू के बैकहैंड कॉर्नर पर सटीक पुश लगाकर जीत पक्की की और जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठा लीं।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपन में दीक्षा की अच्छी शुरुआत

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने महिलाओं के लिए साल के आखिरी मेजर एआईजी महिला ओपन के पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। महिला ओपन में छठी बार भाग ले रही दीक्षा ने खराब मौसम के बावजूद चार बर्डी और तीन बोगी की। यह भारतीय खिलाड़ी 15वें होल तक संयुक्त 14वें स्थान पर चल रही थी लेकिन इसके बाद नीचे खिसक गई। उन्होंने पहले, सातवें, नौवें और 11वें होल पर बर्डी लगाईं तथा छठे, आठवें और 11वें होल पर बोगी की। दीक्षा इस टूर्नामेंट में भाग ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी है। वह 2023 में इस टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रहीं, जो ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### छह राज्यों में होगा ईशा ग्रामोत्सवम



**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण खेल उत्सव ईशा ग्रामोत्सवम का 17वां सत्र छह राज्यों में आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरूआत 10 अगस्त को मैसूर में होगी। इस साल आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुच्चेरी और ओडिशा के 35000 गांवों में इन खेलों का आयोजन होगा। अध्यात्मिक गुरु सदगुरु जग्गी वासुदेव की ओर से शुरु किए गए ईशा ग्रामोत्सवम में 6000 टीमें और 50000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें पुरुष वॉलीबॉल और महिला थ्रो बॉल के टूर्नामेंट होंगे और फाइनल 21 सितंबर को कोयंबटूर में ईशा योग केंद्र पर खेला जाएगा।

### 21 अगस्त को होंगे बीएफआई के चुनाव



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के लंबे समय से लंबित चुनाव 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होंगे। देश में इस खेल का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने यह घोषणा की। अंतरिम समिति के प्रमुख अजय सिंह की ओर से हस्ताक्षरित 31 जुलाई के परिपत्र के मुताबिक बीएफआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में आयोजित की जाएगी। इस एजीएम का एजेंडा पिछली बैठक के ब्यौरे पर सहमति जताने के साथ 2025-2029 की अवधि के लिए विभिन्न पदों का चुनाव और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य कार्य पर मुहर लगाना है। बीएफआई के पिछले पदाधिकारियों का कार्यकाल इस साल दो फरवरी को समाप्त हो गया था। इससे पहले चुनाव 28 मार्च को निर्धारित किए गए थे लेकिन कई अपीलों और जवाबी अपीलों सहित कानूनी विवादों के कारण प्रक्रिया रुक गई थी।

## ओवल टेस्ट : भारत की पहली पारी में 224 रन

# 20 रन पर गिरे 4 विकेट, टीम इंडिया ऑलआउट इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों की तूफानी शुरुआत

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारत को शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के पहले आधे घंटे में पहली पारी में 224 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन डकेट ने मेहमान टीम के तेज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। डकेट (43 रन) और क्रॉली (43 गेंद में नाबाद 52 रन) ने मर्जी से चौके जड़े, जिससे इंग्लैंड ने लंच ब्रेक तक एक विकेट पर 109 रन बना लिए। मेजबान टीम भारत से महज 115 रन से पीछे थी। टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए।



### क्राली ने जड़ा अर्धशतक

आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के पास इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिए कोई रणनीति नहीं थी। पर भारत को लंच से 15 मिनट पहले डकेट का विकेट मिलने से राहत मिली। आकाश दीप की गेंद पर एक और रिवर्स हिट लगाने की कोशिश में डकेट विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने महज 77 गेंद में 92 रन बना लिए। क्रॉली ने 12 चौके से पांच सिराज की गेंदों पर लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। डकेट ने इच्छानुसार शॉट लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट लगाया और इसके बाद सिराज की गेंद पर रैंप ऑफ पर छक्का जड़ दिया। डकेट के आउट होने के बाद कार्यवाहक कप्तान ओली पोप क्रीज पर उतरे। उन्होंने कवर ड्राइव शॉट्स लगाकर शुरुआत की।

### एटकिंसन ने किया तीन बल्लेबाजों को आउट

वहीं दिन का खेल शुरू होने के तुरंत बाद गस एटकिंसन ने तीन भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इस तरह दिन की शुरुआत छह विकेट पर 204 रन से शुरू करने वाले भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए। करुण नायर (109 गेंद में 57 रन) और वाशिंगटन सुंदर (26 रन) जल्दी आउट हो गए, जिसके बाद एटकिंसन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए एटकिंसन ने पांच जबकि जोस टंग ने तीन विकेट चटकाए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को एटकिंसन | 02 | 9 | 0 | 0 |
| राहुल बो वोक्स | 14 | 40 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो टंग | 38 | 108 | 6 | 0 |
| गिल रन आउट | 21 | 35 | 4 | 0 |
| नायर पगबाधा बो टंग | 57 | 109 | 8 | 0 |
| जडेजा का स्मिथ बो टंग | 09 | 13 | 1 | 0 |
| जुरेल का ब्रुक बो एटकिंसन | 19 | 40 | 2 | 0 |
| सुंदर का ओवरटन बो एटकिंसन | 26 | 55 | 3 | 0 |
| आकाश दीप नाबाद | 00 | 7 | 0 | 0 |
| सिराज बो एटकिंसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| कृष्णा का स्मिथ बो एटकिंसन | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 38,
कुल: 69.4 ओवर में 224 /10 रन
गेंदबाजी: वोक्स 14-1-46-1, एटकिंसन 21.4-8-33-5, टंग 16-4-57-3, ओवरटन 16-0-66-0, बेथेल 2-1-4-0

## क्रिकेट

# बुमराह टेस्ट टीम से रिलीज एशिया कप में खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▸▸| लंदन/नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से रिलीज कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है।

इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। भारत को अगले साल घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप खेलना है और ऐसे में बुमराह के आगामी कुछ समय में एकदिवसीय प्रारूप में खेलने की संभावना काफी कम है। बीसीसीआई ने बताया, 'जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया।' बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉड्र्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं।

### कंधे की चोट के कारण आगे नहीं खेल पाएंगे वोक्स



चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड को तब करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए। गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे।

## दलीप ट्रॉफी

# सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम, अगुवाई करेंगे शारदुल

- 15 सदस्यीय टीम में यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर शामिल



एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे।

### दक्षिण क्षेत्र बना था विजेता

*इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था।*

### टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से

टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है। पश्चिम क्षेत्र की टीम का चयन मुंबई के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने किया। इस समिति में बड़ौदा के प्रयाण दवे, महाराष्ट्र के अक्षय दारेकर, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संदीप मनियार और गुजरात क्रिकेट संघ के कीरत दमानी भी शामिल है। मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव अभय हडप बैठक के संयोजक थे।

**पश्चिम क्षेत्र टीम** : शारदुल ठाकुर (कप्तान, मुंबई), यशस्वी जायसवाल (मुंबई), आर्या देसाई (गुजरात), हार्विक देसाई (विकेटकीपर, सौराष्ट्र), श्रेयस अय्यर (मुंबई), सरफराज खान (मुंबई), रुतुराज गायकवाड़ (महाराष्ट्र), जयमीत पटेल (गुजरात), मनन हिंगराजिया (गुजरात), सौरभ नवाले (विकेटकीपर, गुजरात), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियान (मुंबई), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (सौराष्ट्र), तुषार देशपांडे (मुंबई), अर्जन नगवासवाला (गुजरात)।

## भारतीय खिलाड़ियों ने किया डब्ल्यूटीटीसी में क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके लंदन में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए क्वालीफाई कर लिया। महिला और पुरुष वर्ग में 16 एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध थे। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्ण एशिया और पश्चिम एशिया से चार क्षेत्रीय चैंपियन इसके लिए सीधे क्वालीफाई करते हैं।



भारतीय महिला और पुरुष टीमें पांच देशों के राउंड रॉबिन प्रारुप वाले दक्षिण एशियाई टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। पुरुष टीम में आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बाण घोष, पीबी अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव थे, जिन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को 3.0 से हराया। महिला टीम में कृत्विका सिन्हा, एस. सेल्वाकुमार, तनीषा कोटेचा, सयाली वानी और सिंड्रेल दास थे। उन्होंने इन्हीं चार टीमों को इसी अंतर से मात दी।

## जाधव और भारद्वाज ने जीता स्वर्ण पदक ...



**कोलकाता।** कोलकाता में सम्मान समारोह के दौरान तीरंदाज साहिल राजेश जाधव (दाएं) और श्रेय भारद्वाज। इन्होंने क्रमश: विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

## खालिद बने फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

**नई दिल्ली।** खालिद जमील को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और इस तरह से वह पिछले 13 वर्षों में प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना।



भारतीय टीम का कोच बनने की दौड़ में जमील के अलावा भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्लोवाकिया के मुख्य कोच रह चुके स्टीफन टारकोविच शामिल थे।

## नेशनल बैंक ओपन : रूस की वेरोनिका को तीन सेट में हराया

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, 14 डबल-फॉल्ट के बावजूद अंतिम 16 में

एजेंसी ▸▸| मॉन्ट्रियल

कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाइब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया।

### गॉफ का अगला मुकाबला 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से



### मैककार्टनी ने मीरा को हराकर किया उलटफेर

गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

**M.P. POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (T&C)
BLOCK No. 4, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR JABALPUR [M.P.]-482008
Phone : 0761–2702210, 2702209, 2702202, E-mail : ce.tnc@mptransco.nic.in

**TENDER NOTICE**

Following Tender is invited under T&C wing of MPPTCL-

| Tender Specification No. | Name of Work | EMD (in ₹) | Tender Cost i/c GST (in ₹) | Due Date of Opening of Tender Online |
|---|---|---|---|---|
| TS-03/2025 | Procurement of various class OIP Bushing for EHV grade transformers | 98,000 | 2,360.00 | 03.09.2025 |

For further details & downloading of tender document, please visit our website www.mptransco.in. M.P. Madhyam/121377/2025




### भोपाल पहुंचे गोपनीय पत्र से मचा हड़कंप, मलाईदार पदों पर बैठे दागी निशाने पर

# जांच की आंच में फिर तपेगा सौभाग्य घोटाला

**दो वर्ष पूर्व मंडला, डिंडौरी, सीधी और सिंगरौली जिलों में हुए विद्युतीकरण कार्यों में करोड़ों रुपये के फर्जी भुगतान की परतें अब फिर खुलने लगी**



हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश में विद्युत विभाग के बहुचर्चित सौभाग्य योजना घोटाले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। करीब दो वर्ष पूर्व मंडला, डिंडौरी, सीधी और सिंगरौली जिलों में हुए विद्युतीकरण कार्यों में करोड़ों रुपये के फर्जी भुगतान की परतें अब फिर खुलने लगी हैं।

हाल ही में इस मामले से संबंधित एक गोपनीय पत्र ऊर्जा विभाग के मुख्यालय भोपाल पहुंचा, जिसमें पूर्व की जांच रिपोर्ट की खामियों, बिना भौतिक सत्यापन के तैयार निष्कर्षों और आरोपित अधिकारियों को क्लीन चिट देने जैसी गंभीर बातें दर्ज हैं। पत्र के सामने आते ही ऊर्जा मंत्रालय में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

#### ऊर्जा मंत्री ने दिए नए सिरे से जांच के निर्देश

ऊर्जा मंत्री ने पत्र की गंभीरता को भांपते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मामले की ऊच्च स्तरीय, स्वतंत्र और तकनीकी टीम से दोबारा जांच करवाई जाएगी। इस बार जांच में भौतिक सत्यापन को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा ताकि सच सामने आ सके।

#### तीन बार जांच, फिर भी पर्दा

सूत्रों के अनुसार, सौभाग्य योजना के अंतर्गत इन चार जिलों में हुए कार्यों की पहले भी तीन स्तरों पर जांच करवाई जा चुकी है। रिपोर्ट तत्कालीन विधानसभा में पेश भी हुई, जिसके आधार पर दो अधीक्षण यंत्री और दो संभागीय यंत्री को निलंबित किया जाना बताया गया था।

#### पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े

लेकिन विवाद तब खड़ा हुआ जब विधानसभा में केवल दो एसई के निलंबन की घोषणा की गई थी, जबकि विभागीय स्तर पर दो डीई को भी निलंबित कर दिया गया था। हैरानी की बात यह है कि ये अधिकारी अब फिर से प्रभावशाली पदों पर पदस्थ हैं। इससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

#### दबाई गई दूसरी जांच रिपोर्ट भी आई निशाने पर

मंडला-डिंडौरी जिले में दोबारा जांच के लिए जबलपुर से एसटीसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भेजे गए थे। लेकिन उनकी जांच रिपोर्ट भी दबा दी गई। अब यही रिपोर्टें ऊर्जा विभाग के लिए गले की हड्डी बन चुकी हैं।

#### आने वाले दिनों में बढ़ सकती है कार्रवाई की रफ्तार

ऊर्जा मंत्री द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि एक नई स्वतंत्र समिति गठित कर पूरे प्रकरण की वित्तीय, तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर समीक्षा की जाएगी। दोषियों की पहचान के बाद प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ दंडात्मक कदम भी संभव हैं।

#### पहले नोडल अधिकारी अब बन गए मुख्य अभियंता

मंडला, डिंडौरी, सीधी और सिंगरौली में सौभाग्य योजना के नाम पर करोड़ों का खेल हुआ और हैरानी की बात यह कि जिन्हें गड़बड़ी रोकने की जिम्मेदारी दी गई, उन्हीं की निगरानी में पूरा फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया। सीधी-सिंगरौली में नोडल अधिकारी के रूप में पदस्थ एक अधिकारी पर सारा कामकाज देखरेख का जिम्मा था, लेकिन उनकी मौजूदगी में फर्जी बिल पास हुए, अधूरे कामों का भुगतान हुआ और बाद में उन्हें ही प्रमोट कर जबलपुर रीजन का मुख्य अभियंता बना दिया गया! क्या यह गलती है या सुनियोजित साजिश?

---

### एक माह पहले रिजर्वेशन कराने के कारण बढ़ रही परेशानी

## राखी के लिए अभी से ट्रेनें ठसाठस, मिल रही लंबी वेटिंग, स्पेशल ट्रेनों की नहीं हुई घोषणा

हरिभूमि, जबलपुर

रक्षाबंधन पर कहीं जाने के लिए यदि आपने अभी रिजर्वेशन नहीं कराया है, तो आपकी यात्रा का मजा किरकिरा हो सकता है। क्योंकि रक्षाबंधन पर्व को अब सिर्फ 9 दिन बाकी है। तो वहीं रक्षाबंधन पर्व से 3-4 दिन पहले ही बहनों का मायके जाने वाले लिए भीड़-भाड़ बढ़ जाती है। इस पर्व के लिए कई शहर से जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में अभी से रिजर्वेशन फुल हो चुका है। कई ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग है। हालांकि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जल्द स्पेशल ट्रेन चलाने व अतिरिक्त कोच लगाने को लेकर घोषणा की जाएगी। इसको लेकर सभी मंडल व जोनल स्तर से रिपोर्ट मांगी गई, जिस रूट पर जैसे भीड़ हो गई, उसके हिसाब से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। तो वहीं अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। तो वहीं जबलपुर रेल मंडल की ओर से अभी रक्षाबंधन पर्व को लेकर सिर्फ एक स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-रीवा के बीच चलाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि रेलवे की ओर से पुराने नियम तीन माह पहले रिजर्वेशन करने वाली सुविधा को बदलते हुए। अब एक माह पहले रिजर्वेशन कराने का नियम लागू किया है। इसके चलते यात्रियों को अब कम समय आरक्षण कराने के लिए मिलता है। जिस वजह से त्योहारी सहित अन्य सीजनों में एकाएक रिजर्वेशन कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है।

**रक्षाबंधन पर्व को बचे 9 दिन, एक सप्ताह पहले बढ़ जाती है ट्रेनों में भीड़**



#### हो चुका रिजर्वेशन

लोगों ने पहले से ही रिजर्वेशन करवा लिए हैं। ऐसे में कई ट्रेनें ऐसी हैं जिनमें रक्षाबंधन पर लंबी वेटिंग नजर आ रही है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर रिजर्वेशन के लिए यात्रियों की भीड़ भी उमड़ रही है। भोपाल से पुणे, बेंगलुरू, चेन्नई सेंट्रल, मुंबई, त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, नागपुर, दिल्ली, लखनऊ, पटना सहित तमाम शहरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में अभी से 39 से लेकर 80 तक की वेटिंग लिस्ट आ गई है।

---

### पिता पुत्र पर किया जानलेवा हमला, सीसीटीवी फुटेज वायरल

## रांझी बड़ा पत्थर में नाबालिगों ने मचाया आतंक

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में नाबालिग बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा पत्थर इलाके में एक बार फिर ऐसी ही एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां नाबालिगों के एक गिरोह ने सरेराह एक पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान आसपास मौजूद लोगों में से किसी ने भी मदद का हाथ नहीं बढ़ाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोहनिया निवासी 16 वर्षीय शिवांश पटेल किसी काम से रांझी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बड़ा पत्थर इलाके में पहुंचा, वहां पहले से मौजूद विशाल राजपूत और उसके कुछ अन्य साथी, जिनमें अधिकांश नाबालिग बताए जा रहे हैं, ने शिवांश को रोक लिया। किसी पुरानी रंजिश या मामूली विवाद को लेकर उन्होंने शिवांश से झगड़ा शुरू कर दिया और फिर मारपीट पर उतर आए।

शिवांश ने खुद को बचाने के लिए तत्काल अपने पिता को फोन कर बुलाया। उसके पिता मौके पर पहुंचे



और युवकों को समझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन इस बीच एक नाबालिग ने शिवांश के पिता पर अचानक हमला कर दिया। इसके बाद पूरी गैंग ने बेल्ट और पत्थरों से दोनों बाप-बेटे पर हमला बोल दिया। घटना के दौरान स्थानीय लोगों की संवेदनहीनता भी सामने आई। जब गली में मारपीट चल रही थी, तब न तो किसी ने बीच-बचाव किया और न ही पुलिस को सूचना दी। दोनों पीड़ित किसी तरह हमलावरों से बचकर निकले और सीधे रांझी थाने पहुंचे।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर रांझी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में विशाल राजपूत के साथ कुछ अन्य नाबालिग लड़के शामिल हैं। मेडिकल जांच के बाद दोनों घायलों का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

#### नाबालिग गैंग की बढ़ती दहशत

इस घटना ने एक बार फिर जबलपुर शहर में बढ़ते नाबालिग अपराधियों और उनके गैंग के नेटवर्क को उजागर कर दिया है। रांझी, गढ़ा, अधारताल, गोरखपुर जैसे इलाकों में पिछले कुछ समय से नाबालिगों के हिंसक झगड़े और हथियारों के साथ घूमने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

#### सामाजिक जवाबदेही पर भी सवाल

इस घटना में मोहल्ले के लोगों द्वारा कोई हस्तक्षेप न करना भी सोचने वाली बात है। यदि समय पर किसी ने हस्तक्षेप किया होता, तो शायद पिता-पुत्र की जान को खतरा नहीं होता। यह घटना बताती है कि अपराध से अधिक खतरनाक है समाज की चुप्पी।

---

## भाजयुमो नेता मानव घनघोरिया की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश शबनम कादिर मंसूरी की अदालत ने प्राणघातक हमले के आरोपित भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता मानव घनघोरिया की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष पांडे व राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि संचार नगर, दीनदयाल चौक निवासी गौरव बाजपेयी अपनी पत्नी के साथ घर के सामने दुकान पर बैठे थे। तभी आरोपित कार पर सवार होकर पांच छह साथियों के साथ आया। गौरव को फुटपाथ पर बुलाकर 20 हजार की मांग की। मांग पूरी न करने पर चाकू से हमला कर दिया। जान से खत्म करने की चेतावनी दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया। साथ ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। गिरफ्तारी की आशंका से आरोपित ने अग्रिम जमानत अर्जी दायर की है, जो मामले की गंभीरता के कारण निरस्त करने योग्य है।

---

## सहायक परियोजना अधिकारी को सेवा में बहाल करें : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि याचिकाकर्ता सहायक परियोजना अधिकारी को सेवा में बहाल करें। इसके लिए 15 दिन की मोहलत दी गई है। याचिकाकर्ता सागर निवासी प्रद्युम्न छिरोलया की ओर से अधिवक्ता रत्नभारत तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता जिला पंचायत, सागर में सहायक परियोजना अधिकारी बतौर कार्यरत थ। उसे बिना सुनवाई का अवसर दिए एकपक्षीय तरीके से सेवा से पृथक कर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सागर ने संविदा अवधि आगे नहीं बढ़ाई। इस आदेश के विरुद्ध संभागायुक्त सागर के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी। जिसे स्वीकार करके हुए सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर दिया गया। साथ ही याचिकाकर्ता को पुनः सेवा में बहाल करने निर्देशित किया गया। जब याचिकाकर्ता इस आदेश के साथ जिला पंचायत में उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचा तो जिला कार्यालय अधिकारी ने सेवा में बहाल करने से मना कर दिया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई।

---

## दूसरा रास्ता लंबा है तो आरक्षित भूमि से रास्ता बनाना कोई आधार नहीं



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने वह जनहित याचिका निरस्त कर दी, जिसके जरिए वन विभाग द्वारा रास्ता बंद करने को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में साफ किया कि दूसरा रास्ता लंबा है तो आरक्षित भूमि से रास्ता बनाना कोई आधार नहीं है। इसलिए वन अधिकारियों की कार्रवाई को दी गई चुनौती स्वीकार करने योग्य नहीं है। जनहित याचिकाकर्ता कटनी पिपरोध के ग्राम लाखापेटी निवासी इत्तूराम विश्वकर्मा की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया है। इस वजह से वे अपनी जमीनों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वन विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि जो रास्ता बंद किया गया है, वह वनभूमि से होकर गुजरता है। ग्रामीणों के पास अपनी जमीनों तक पहुंचने का दूसरा रास्ता उपलब्ध है, जो अपेक्षाकृत लंबा है। लिहाजा, महज दूसरा रास्ता लंबा होने के आधार पर वन विभाग द्वारा आरक्षित भूमि का रास्ता बंद करने को चुनौती देना उचित नहीं। हाई कोर्ट ने इस तर्क से सहमत होकर जनहित याचिका निरस्त कर दी।

---

### सायबर ठगों ने डरा धमकाकर की जालसाजी

## मनी लॉड्रिंग में जेल जाने का झांसा देकर 16 लाख ठगे

हरिभूमि जबलपुर।

रांझी थाना अतंर्गत व्हीएफजे मढ़ई निवासी एक व्यक्ति को सायबर ठगों ने उसके मोबाइल नंबर से मनी लॉड्रिंग होने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और धमकाया कि सायबर सेल डिपार्टमेंट मुंबई में आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज है आपके खातों की जांच होगी, और आपको जेल जाना पड़ेगा, इस तरह से डरा धमकाकर 16 लाख 60 हजार रुपए सायबर ठगों ने अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। रुपए जब वापस नहीं मिले तब पीड़ित को एहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सायबर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि व्हीएफजे मढ़ई बिहारी मोहल्ला निवासी 51 वर्षीय योगेंद्र कुमार पटेल के मोबाइल पर 22 जुलाई को 8.56 पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अपना नाम राजेश अग्रवाल बताते हुए कहा कि वह टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इण्डिया से बात कर रह है। बातचीत के दौरान उसने कहा कि आपके आधार कार्ड से एक सिम जारी हुआ है और उस सिम से मनी लॉड्रिंग की गई। जिससे आपके विरुद्ध मुंबई में एफआईआर क्रमांक एमएच 1045/0625 दर्ज हुई है और उसने कहा कि अब आपकी कॉल को ट्रांसफर किया जा रहा है अब दूसरे नंबर से फोन आयेगा। ठीक 09.20 बजे




वाट्सएप पर दूसरे मोबाईल नम्बर से एक मैसेज आया जिसमे सायबर सेल डिपार्टमेंट मुंबई लिखा था उसके बाद उसी मैसेज पर उसने अपना नाम और राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा बताई गई एफआईआर नम्बर लिख कर भेजा उसके बाद उसे वाट्सएप काल किया और कहा कि आपकी सिम से जो अनैतिक कार्य हो रहे है उसमें एफआईआर दर्ज है उसमें 08 करोड की हेराफेरी हुई है, आप मनी लॉड्रिंग केस में फंसे है लिहाजा आपके और आपकी पत्नी के खातों के ट्रांजेक्शन की जांच करनी पड़ेगी नही तो आपको और आपकी पत्नी को १० साल के लिये जेल जाना पड सकता है। वह उनकी बातों में आकर डर गया और पूछा कि इसके लिए क्या करना पडेगा तो उससे उसकी व्यक्तिगत प्रापर्टी एवं सेविग्स की जानकारी मांगी तो उसने अपने व पत्नी के बैंक खातों व आरडी की जानकारी बता दी तब वह बोला की मैं आपको बैंक खाता नम्बर दूंगा जिसमे आपको रुपये डालने पड़ेगा इसके बाद उस व्यक्ति ने उसे एक बैंक खाता नम्बर भेजा और कहा कि इसमें आप अपनी पत्नी के खाते से रुपये भेजो तो दिनांक 22 जुलाई को अपनी पत्नी के स्टेट बैंक के खाता 2 लाख 46 हजार 257 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से बताये खाते में ट्रांसफर किए इसके बाद दिनांक 24 जुलाई को फिर से एक बैंक खाता भेजा और कहा कि आप अपनी आरडी व अपने बैंक खाते के रुपये भेजो जिस पर उसने अपनी पोस्ट आफिस से आरडी तुड़वाकर अपने यूको बैंक के खाता से बतायेनुसार राशि 9 लाख 14 हजार 405 रुपये बताये हुये बैंक खाते में डाल दी, इसके बाद दिनांक 28 जुलाई को उससे कहा कि जमानत के लिए 5 लाख रुपये बैंक खाता में भेजो तब उसने अपने परिचितों से पैसा उधार लेकर यूको बैंक के खाता से 5 लाख रुपये उसके बताये खाता में डाल दिये।

इसके बाद पूछा कि मेरे खातों की जांच हो गई हो तो मेरे रुपये वापिस कर दीजिए जिस पर उसने रुपये वापिस करने से मना कर दिया जिसके बाद लगा कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके साथ एफ. आई. आर. व जेल जाने का डर दिखाकर 16 लाख 60 हजार 662 रुपये की आनलाईन धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर अज्ञात आरोपियो द्वारा धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240